# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025












## खबर संक्षेप

### तीन माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**पटना।** मुंगेर जिले में रविवार को बिहार के डीजीपी विनय कुमार के समक्ष तीन माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। प्रतिबंधित भाकपा के जोनल कमांडर नारायण कोड़ा और सब-जोनल कमांडर बहादुर कोड़ा और विनोद उर्फ बिनो कोड़ा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

# ऑपरेशन सिंदूर पर पाक राष्ट्रपति ने उगला सच, कहा–मुझे बंकर में छिपने को कहा था

ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रचंड हमले को पाकिस्तान भुलाए नहीं भूल रहा है। पाकिस्तान के नेता और सैन्य अधिकारी भले ही सार्वजनिक मंचों से जीत के हवा हवाई दावे करते हों, लेकिन कभी कभी मुंह से असलियत निकल ही जाती है। अब पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इसका खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना ने उनसे बंकर में छिपने को कहा था, लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया।

## जरदारी बोले- भारत के हमले से डर गया था पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में मई महीने में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसमें पीओके और पाकिस्तान में स्थित कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया और फिर पाकिस्तानी एयरबेस पर भी जमकर हमले किए गए थे। इन हमलों से पाकिस्तान इतना डर गया था कि उसके राष्ट्रपति तक को बंकर में छिपने के लिए बोल दिया गया था। शनिवार को आयोजित एक इवेंट में बोलते हुए पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने खुलासा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 'सर, जंग शुरू हो गई'

पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने कहा, मेरे मिलिट्री सेक्रेटरी वहीं थे। वह मेरे पास आए और बोले, सर, जंग शुरू हो गई है। मैंने असल में चार दिन पहले ही उनसे कहा था कि जंग होने वाली है, लेकिन वह मेरे पास आए और बोले, सर, चलिए बंकर में चलते हैं। मैंने कहा, 'अगर शहादत आनी है, तो यहीं आएगी। लीडर बंकर में नहीं मरते। वे युद्ध के मैदान में मरते हैं। वे बंकर में बैठे-बैठे नहीं मरते।




### इधर, पाक विदेश मंत्री के ऐसे बोल

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने शनिवार को साल के आखिर में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने रावलपिंडी के चकला में उनके नूर खान एयर बेस को निशाना बनाया था, जिससे उनके मिलिट्री इंस्टॉलेशन को नुकसान पहुंचा और वहां तैनात जवान भी घायल हुए। डार ने आगे कहा कि भारत ने 36 घंटों में पाकिस्तानी की ओर लगभग 80 ड्रोन भेजे थे। हम 80 से 79 को रोकने में सफल रहे, लेकिन एक ड्रोन ने मिलिट्री इंस्टॉलेशन को नुकसान पहुंचाया।

### पहलगाम के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर

दरअसल पहलगाम घटना का जवाब भारत ने 7 मई को दिया था। भारत ने 7 मई की सुबह पाकिस्तान के खिलाफ एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया था। इस कार्रवाई के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। जब पाकिस्तान ने इसका जवाब देने की कोशिश की, तो भारत ने और सख्ती दिखाई। इसके बाद सीमा पर तनाव बढ़ गया। हालांकि बाद में पाकिस्तान खुद ही पीछे हट गया।

### गाजीनगर के एक ही मकान में सैकड़ों वोटरों के नाम शामिल होने का मामला

# एक पते पर कई मतदाता, हरिभूमि की खबर के बाद बनी जांच समिति




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाता सूची में गड़बड़ी की मिली शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा जांच समिति का गठन किया गया है। यह मामला भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत सामने आया है। गौरतलब है, गाजीनगर में एक ही पते पर कई मतदाताओं का जिक्र ▶▶|शेष पेज 7 पर

### फील्ड वेरिफिकेशन कर त्रुटि सुधार जारी

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जांच दल द्वारा भाग संख्या 63 एवं 64 में मतदाता सूची में त्रुटि होने संबंध में मौके पर मतदाताओं का फील्ड वेरिफिशिएशन किया गया जिसमें मतदाता इसी क्षेत्र में निवासरत पाएं गए जिनके मकान संख्या में परिवर्तन के लिए सभी से फार्म 8 भरवा कर मकान संख्या ठीक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि गाजीनगर में एक ही मकान के पते पर सैकड़ों वोटर के नाम मतदाता सूची में शामिल हैं। इसमें से कई इस पते पर नहीं रहते।

### पराली जलाने की आशंका

# खेत में लगी आग की चपेट में आई महिला, मौके पर तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



बलौदा बाजार जिले के अंतर्गत कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम सेल में खेत में काम करने गई महिला की आग में झुलस जाने की वजह से मौत हो गई। घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। मृतका की पहचान ग्राम सेल निवासी प्रभा साहू (46) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतका प्रभा साहू रविवार सुबह करीब 8 बजे अपने खेत से पैरा लेने गई थी। बताया जा रहा है कि खेत में पहले ▶▶|शेष पेज 7 पर

### घटना की विवेचना जारी

घटना की जानकारी मिलते ही कसडोल थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। थाना प्रभारी शशांक शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पराली जलाने के दौरान आग फैलने की आशंका सामने आई है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है।
▶▶|शेष पेज 7 पर



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

# तंजानिया...जहां, वन और जीव पर्यटन का ही नहीं, जीवन का भी हिस्सा हैं

जीवन में दो विषयों ने हमेशा ही बहुत आकर्षित किया। पहला वन और दूसरा वन्य जीव। जहां तक वनों की बात है तो तो यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि कान्हा नेशनल पार्क से बेहतर कोई नहीं। आकाश की ऊंचाई नापने को आतुर और सूरज की किरणों को दाखिल होने से रोकने की कोशिश में जुटे असंख्य साल वृक्षों की मौजूदगी रगों में रक्त के प्रवाह को सहज ही बड़ा देती है। लेकिन, वन्य जीवों के संबंध में हालात पूरी तरह जुदा हैं। इस मामले में हमारा अतीत जितना भी गौरवशाली रहा हो पर लज्जित वर्तमान और आशंकित भविष्य ही सच्चाई है।

हरिभूमि खास

नई- नई मानव बस्तियां बसाने, वनों को उजाड़ कर उनके नीचे से खनिज संपदा पाने और विलासिता व धनोपार्जन की ख़ातिर बेहिसाब वन्यजीवों के शिकार ने हमारे देश में कई वन्य प्राणियों को लुप्त या लुप्तप्राय ही कर दिया। तीन-तीन दिन तक कान्हा समेत तमाम नेशनल पार्क में सुबह शाम बाघ की तलाश करने के बाद भी सैलानियों का असफल लौटना आम बात है।

इसके ठीक उलट हालात हैं भारत से छह हजार किलोमीटर दूर अफ्रीकी देश तंजानिया के। प्रथम विश्व युद्ध से पहले जर्मनी और उसके बाद ब्रिटिश उपनिवेश के रूप में जीने को मजबूर रहा इस देश को आजादी की सांस लिए पांच दशक ही बीते हैं। हिंद महासागर के मुहाने पर मौजूद प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह देश अभी अपने पैरों पर खड़ा होने ▶▶|शेष पेज 7 पर

वन्य जीवों की भरमार के बीच तंजानिया ने राष्ट्रीय पशु के रूप में जिराफ को तय किया है। अपनी लंबी गर्दन के कारण विशिष्ट पहचान रखने वाले इस शाकाहारी जीव को शांत, सौम्य और अहिंसक स्वभाव के कारण सराहा जाता है। 5 से 6 मीटर की ऊंचाई और हजार किलो से ज्यादा वजनी इस जीव को अपनी पतली- पतली टांगो पर चलते देखना हैरत में डाल देता है। तंजानिया के तमाम नेशनल पार्क में सहजता से ही दिख जाने वाले इस जीव को मारना जघन्य अपराध है।

सफरनामा 1






# जेन Z का जलजला, नेपाल- बांग्लादेश की बदल दी सरकारें

**राष्ट्रीय राजनीति और अंतरराष्ट्रीय मामलों से लेकर इतिहास, अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी तक, 2025 ऐतिहासिक घटनाओं का वर्ष रहा। कई घटनाक्रमों ने न केवल सार्वजनिक चर्चा को प्रभावित किया बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण बन गए। नीचे वर्ष भर ध्यान आकर्षित करने वाले शीर्ष मुद्दे दिए गए हैं।**



## राष्ट्रीय आपातकाल के पचास वर्ष

वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत 25 जून, 1975 को लागू किए गए राष्ट्रीय आपातकाल के पचास वर्ष पूरे हुए। आपातकाल की अवधि में मौलिक अधिकारों का हनन, प्रेस पर प्रतिबंध, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां, चुनावों का स्थगन और कार्यपालिका के आदेशों द्वारा शासन जैसी घटनाएं हुईं। भारतीय राजनीतिक इतिहास में, "आपातकाल" शब्द विशेष रूप से 25 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक की अवधि को संदर्भित करता है।




## गिबली ट्रेंड और एआई नैतिकता पर बहस

मार्च 2025 में ChatGPT की इमेज जनरेशन क्षमताओं के अपग्रेड होने के साथ ही, उपयोगकर्ताओं ने जापान के स्टूडियो घिबली की विशिष्ट एनीमेशन शैली में इमेज बनाना शुरू कर दिया। यह ट्रेंड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो गया। हालांकि, इसने कॉपीराइट उल्लंघन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक उपयोग और रचनात्मक व्यवसायों के भविष्य के संबंध में गंभीर चिंताएं भी पैदा कीं।

## नेपाल में जनरेशन Z का विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक उथल-पुथल



सितंबर 2025 में, नेपाल में जनरेशन Z के नेतृत्व में हुए, बड़े पैमाने पर नेतृत्वहीन विरोध प्रदर्शनों के कारण एक बड़ा राजनीतिक उथल-पुथल देखने को मिला। ये प्रदर्शन काठमांडू और अन्य शहरों में फैल गए। परिणामस्वरूप, प्रधानमंत्री खड्गा प्रसाद शर्मा ओली ने 9 सितंबर को इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और संसद भंग कर दी। सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश सुशीला एस. कार्की ने 12 सितंबर को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।



## चोल वंश और राजेंद्र चोल प्रथम

जुलाई 2025 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजेंद्र चोल प्रथम के दक्षिण पूर्व एशिया के समुद्री अभियान के एक हजार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम का दौरा किया। इस यात्रा में एक स्मारक सिक्के का अनावरण और चोल नौसैनिक शक्ति पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन शामिल था। राजेंद्र चोल प्रथम ने अपने पिता राजाराजा चोल प्रथम से विरासत में मिले साम्राज्य का विस्तार किया और भारत के समुद्री प्रभाव को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना

अप्रैल 2025 में जारी अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के विश्व आर्थिक आउटलुक के अनुसार, भारत जापान के साथ-साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा। आईएमएफ ने यह भी अनुमान लगाया है कि भारत अगले दो वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा, जो इसकी मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक बुनियादी बातों और दीर्घकालिक विकास क्षमता को दर्शाता है।

# इस साल लार्ज कैप फंड रहे विनर लेकिन स्मॉल कैप ने किया निराश

- लार्ज कैप ने निवेशकों को बेहतर सुरक्षा दी
- रिटर्न के मामले में भी बाकी श्रेणी को पीछे छोड़ा
- साल 2025 में बाजार में रहा उतार-चढ़ाव

हलचल @2025
बिजनेस डेस्क

*लार्ज कैप फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़े मार्केट कैपिटलाइजेशन वाली कंपनियों में निवेश करता है, जो आमतौर पर देश की टॉप 100 कंपनियां होती हैं। ये कंपनियां अच्छी तरह से स्थापित, वित्तीय रूप से मजबूत और अक्सर अपने क्षेत्रों में बाजार के नेता होती हैं। लार्ज कैप फंड्स को स्थिरता और कम जोखिम के लिए जाना जाता है, जो उन्हें रूढ़िवादी निवेशकों के लिए एक अच्छा विकल्प बनाता है।*

साल 2025 ने म्यूचुअल फंड निवेशकों को एक साफ संदेश दिया है कि स्थिरता ही असली ताकत है। सालभर बाजार में उतार-चढ़ाव और सेक्टोरल रोटेशन के बीच लार्ज कैप म्यूचुअल फंड्स ने निवेशकों को न सिर्फ बेहतर सुरक्षा दी, बल्कि रिटर्न के मामले में भी बाकी कैटेगरी को पीछे छोड़ दिया। जहां लार्ज कैप फंड्स ने एक साल में औसतन 8.15% का रिटर्न दिया, वहीं स्मॉल कैप फंड्स निवेशकों के लिए सबसे बड़ी निराशा साबित हुए। यह साफ करता है कि 2025 में क्वालिटी, साइज और बैलेंस शीट की मजबूती हर मायने में हाई-रिस्क कैटेगरी पर भारी है। कैटेगरी वाइज देखें तो लार्ड एंड मिड कैप फंड, मल्टी कैप और मिडकैप फंड्स 2–3% के दायरे में ही सिमट गए, जबकि टेक्नोलॉजी सेक्टर फंड्स में 6.79% की गिरावट ने निवेशकों की उम्मीदों को झटका दिया। इसके उलट बैंकिंग और ऑटो-ट्रांसपोर्टेशन जैसे सेक्टोरल फंड्स ने 17% से ज्यादा का दमदार रिटर्न दिया, जिससे यह साफ हुआ कि 2025 स्टॉक-सेलेक्टिव और सेक्टर-ड्रिवन साल रहा। लार्ज कैप स्पेस में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, मिराए एसेट, मोतीलाल ओसवाल और महिंद्रा मैनुलिफ़ जैसे फंड्स ने 10–11% के आसपास रिटर्न देकर साल का अंत मजबूत नोट पर किया। कुल मिलाकर, 2025 का साल यह सबक देकर गया कि अनिश्चित बाजारों में लार्ज कैप फंड्स निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद साथी साबित होते हैं।



### लार्ज कैप फंड के फायदे

- **स्थिरता:** लार्ज कैप कंपनियां बाजार में उतार-चढ़ाव के प्रति कम संवेदनशील होती हैं।
- **सुसंगत प्रदर्शन:** ये कंपनियां लंबे समय में स्थिर रिटर्न प्रदान करती हैं।
- **निम्न जोखिम:** लार्ज कैप फंड्स में निवेश करने से जोखिम कम होता है।
- **डिविडेंड आय:** कई लार्ज कैप कंपनियां नियमित डिविडेंड वितरित करती हैं।
- **विविधीकरण:** लार्ज कैप फंड्स विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।

## फ्लेक्सी-कैप फंड की पॉपुलैरिटी बढ़ी

फ्लेक्सी-कैप फंड्स का औसत रिटर्न भले ही कुछ कमजोर दिख रहा है, लेकिन इसकी पॉपुलैरिटी बढ़ी है। फ्रैंकलिन टेम्पलटन म्यूचुअल फंड की लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 12 महीनों में फ्लेक्सी-कैप फंड्स में सभी इक्विटी कैटेगरी में सबसे ज्यादा निवेश आया है। पिछले 12 महीनों में इन फंड्स में करीब 75,700 करोड़ का नेट निवेश दर्ज किया गया। इस कैटेगरी में निवेशकों ने जो खरीदा, उसमें बने रहे। यह दिखाता है कि निवेशक अब सिर्फ बाजार से जुड़े विकल्पों में ज्यादा पैसा नहीं लगा रहे, बल्कि ऐसे फंड भी चुन रहे हैं जो डायवर्सिफिकेशन और लचीलापन दोनों देते हैं। जैसे-जैसे म्यूचुअल फंड बैंक डिपॉजिट पर बढ़त बना रहे हैं, फ्लेक्सी-कैप फंड्स आने वाले समय में लंबी अवधि में संपत्ति बनाने की इस कहानी के केंद्र में बने रह सकते हैं।

## एक साल में कितना रिटर्न कैटेगरीवाइज

| फंड | रिटर्न |
|---|---|
| लार्ज कैप | 8.15% |
| लार्ज एंड मिड कैप | 1.96% |
| फ्लेक्सी कैप | 3.26% |
| मल्टी कैप | 1.98% |
| मिड कैप | 2.76% |
| स्मॉल कैप | -5.31% |
| वैल्यू ओरिएंटेड | 5.45% |
| ईएलएसएस | 3.52% |
| सेक्टोरल-आटो एंड ट्रांसपोर्ट | 17.32% |
| सेक्टोरल-बैंकिंग | 17.42% |
| सेक्टोरल-फार्मा | 0.04% |
| सेक्टोरल-टेक्नोलॉजी | -6.79% |
| थिमैटिक | 2.52% |

## एक साल में टॉप लार्ज कैप फंड्स ये रहे

| फंड्स | रिटर्न |
|---|---|
| आईसीआईसीआई प्रू | 11.50% |
| निप्पॉन इंडिया इंडेक्स निफ्टी-50 | 11.40% |
| मीराए एसेट | 11.00% |
| मोतीलाल ओसवाल | 10.73% |
| महिंद्रा मैन्युलाइफ | 10.59% |
| बजाज फिनसर्व | 10.00% |

## टॉप लार्ज कैप म्यूचुअल फंड


- निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड
- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड
- एसबीआई ब्लूचिप फंड
- एचडीएफसी लार्ज कैप फंड
- डीएसपी लार्ज कैप फंड

### स्मॉल कैप फंड के फायदे

- **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उच्च रिटर्न मिल सकता है।
- **निम्न मूल्यांकन:** स्मॉल कैप कंपनियों के शेयर अक्सर कम मूल्य पर उपलब्ध होते हैं, जिससे निवेश की लागत कम होती है।
- **विविधीकरण:** स्मॉल कैप फंड्स विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिससे जोखिम कम होता है। **लॉन्ग-टर्म ग्रोथ:** स्मॉल कैप कंपनियों में लॉन्ग-टर्म ग्रोथ की संभावना अधिक होती है।

### स्मॉल कैप फंड के नुकसान

- **उच्च जोखिम :** स्मॉल कैप कंपनियों में जोखिम अधिक होता है, जिससे निवेश का मूल्य कम हो सकता है।
- **अस्थिरता :** स्मॉल कैप शेयरों की कीमतें अधिक अस्थिर होती हैं, जिससे निवेश का मूल्य तेजी से बदल सकता है।
- लिक्विडिटी : स्मॉल कैप शेयरों में लिक्विडिटी कम होती है, जिससे निवेश को बेचना मुश्किल हो सकता है।




# 2025 चांदी ने दिया बंपर रिटर्न

- निवेशकों ने 100 फीसदी से ज्यादा रिटर्न लिया
- अब मुनाफा वसूल करें या निवेश बनाए रखें
- चांदी की बढ़त ने सभी निवेशों को पीछे छोड़ा

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

साल 2025 में सिल्वर ईटीएफ ने जबरदस्त प्रदर्शन दिया है। इस साल अब तक निवेशकों को 100 फीसदी से भी ज्यादा का रिटर्न मिल चुका है। चांदी की बढ़त ने बाकी सभी निवेशों को पीछे छोड़ दिया है। ऐसे में निवेशक इस उलझन में हैं कि क्या उन्हें अपना मुनाफा वसूल लेना चाहिए (प्रॉफिट बुकिंग) या निवेश बनाए रखना चाहिए? बाजार के जानकारों की सलाह है कि अगर आपके पोर्टफोलियो में चांदी का हिस्सा तय सीमा से ज्यादा हो गया है, तो थोड़ा मुनाफा वसूल लेना चाहिए। अपने निवेश को संतुलित (रीबैलेंस) करने के लिए कुछ हिस्सा बेचकर वापस पुराने लक्ष्य पर आ जाना ही समझदारी है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट?

चांदी में आई 110-130% की भारी बढ़त के बाद मुनाफावसूली करना सही रहेगा। अपने मुनाफे का 25 से 33 फीसदी हिस्सा निकाल लें और जब बाजार गिरे तो फिर से खरीदारी करें। 5 साल के नजरिए से निवेश करना अभी भी अच्छा है। बस इमोशनल होकर फैसला न लें और अनुशासन बनाए रखें। हालांकि मांग मजबूत है। लेकिन कम समय के लिए पैसा लगाने वालों को उतार-चढ़ाव से सावधान रहना चाहिए। वे सलाह देते हैं कि जो लोग ईटीएफ के जरिए चांदी में निवेश कर रहे हैं, उन्हें तेजी आने पर कुछ मुनाफा निकाल लेना चाहिए।

### कितना दिया रिटर्न?

साल 2025 में अब तक सिल्वर ईटीएफ ने औसतन 127.31% का रिटर्न दिया है। इस दौरान 21 अलग-अलग फंड्स ने 122% से लेकर 130% तक का मुनाफा कराया। यूटीआई सिल्वर ईटीएफ 130.02% रिटर्न के साथ सबसे आगे रहा। इसके बाद एसबीआई सिल्वर ईटीएफ एफओएफ ने 129.46% का रिटर्न दिया। निप्पॉन इंडिया सिल्वर ईटीएफ ने 127.61% और टाटा सिल्वर ईटीएफ ने करीब 122.68% का फायदा कराया।

### क्या अब देर हो गई है?

अब उतने बड़े लेवल पर पैसा लगाना शायद सही न हो जितना कुछ महीने पहले था। चांदी आपके कुल निवेश का छोटा हिस्सा (5-9%) ही होनी चाहिए। नए निवेशकों को एक साथ सारा पैसा लगाने के बजाय किश्तों (एसआईपी) में निवेश करना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है, लेकिन एक साथ बड़ी रकम लगाने से बचें। अगर चांदी के दाम गिरकर 1,70,000 से 1,78,000 रुपये प्रति किलो के पास आएं, तो खरीदारी का अच्छा मौका होगा।

### आगे क्या होगा?

जानकारों का कहना है कि अब, जबकि चांदी 2 लाख रुपये के पार है, तो 2026 के लिए अगले साल शायद 2025 जैसी धमाकेदार बढ़त न मिले। मुनाफा धीरे-धीरे होगा और बीच-बीच में कीमतें गिरेंगी भी। वहीं, निकुंज सर्राफ को उम्मीद है कि सोलर सेक्टर में बढ़ती मांग और दुनिया भर में सप्लाई की कमी की वजह से 2026 में भी चांदी की मजबूती बनी रहेगी।

### क्या है सिल्वर ईटीएफ

सिल्वर ईटीएफ (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का निवेश साधन है जो चांदी की कीमतों पर आधारित होता है। यह एक ऐसा फंड है जो चांदी की कीमतों के साथ-साथ चलता है और निवेशकों को चांदी में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है।

### सिल्वर ईटीएफ के फायदे

- चांदी में निवेश : सिल्वर ईटीएफ चांदी में निवेश करने का एक आसान और सुविधाजनक तरीका है।
- लिक्विडिटी : सिल्वर ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं, जिससे उन्हें आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है।
- निम्न लागत : सिल्वर ईटीएफ की लागत कम होती है, जिससे निवेशकों को अधिक रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरण : सिल्वर ईटीएफ निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में विविधीकरण करने में मदद करता है।

### सिल्वर ईटीएफ के नुकसान

- चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव : सिल्वर ईटीएफ की कीमतें चांदी की कीमतों पर आधारित होती हैं, जो उतार-चढ़ाव के अधीन होती हैं।
- जोखिम : सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने से जोखिम होता है, क्योंकि चांदी की कीमतें भविष्य में कम हो सकती हैं।
- स्टोरेज और सुरक्षा : सिल्वर ईटीएफ में निवेश करने से पहले निवेशकों को चांदी के स्टोरेज और सुरक्षा के बारे में विचार करना चाहिए [1][2][3]।

### भारत में सिल्वर ईटीएफ

- कोटक सिल्वर ईटीएफ
- एसबीआई सिल्वर ईटीएफ

रायपुर

सोमवार, 29 दिसंबर 2025

पौष शुक्ल पक्ष नवमी

वर्ष : 24, अंक : 160

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**


**मौसम**

अधि. 27.3

न्यून. 12.1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





# अब तक 256...सालभर में मारे गए नक्सलियों के अलावा 1500 से ज्यादा ने डाले हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

वर्ष 2025 बस्तर पुलिस के लिए ऐतिहासिक रहा, विशेषकर नक्सल उन्मूलन की दिशा में यह साल निर्णायक साबित हुआ। इसी साल केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश से नक्सलवाद के खात्मे का ऐलान किया था। इसके बाद सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मांद में घुसकर ऑपरेशन किया और एक ही साल में करोड़ों के ईनामी 256 नक्सलियों ▶▶|शेष पेज 7 पर


अबूझ आतंक का अंत!

मारा गया टॉप नक्सली कमांडर हिड़मा, दरभा नरसंहार समेत 26 बड़े हमलों में था शामिल

### समन्वित कार्रवाई से प्रभावी नियंत्रण



नक्सल उन्मूलन की दिशा में वर्ष 2025 बस्तर के लिए निर्णायक साबित हुआ है। सुरक्षा बलों की सतत, सठीक और समन्वित कार्रवाई से नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ है। पूना मारगेम अभियान के तहत बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण शांति की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

-सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर

### 52 नए सुरक्षा कैम्प

इस साल बस्तर संभाग में 52 नए सुरक्षा कैम्प स्थापित किए गए। इन कैम्पों को इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट सेंटर के रूप में विकसित कर शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, पीडीएस, बिजली और बैंकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शासन-प्रशासन की उपस्थिति मजबूत हुई है। वर्ष 2025 बस्तर के लिए शांति, सेवा, न्याय और विकास की सुदृढ़ नींव रखने वाला वर्ष बनकर उभरा है। वर्ष 2025 में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ों, डम्प हथियारों रों और आत्मसमर्पण के दौरान कुल 645 हथियार तथा 875 आईईडी बरामद किए। इससे नक्सलियों की हिंसक क्षमता पर निर्णायक प्रहार हुआ और आम नागरिकों तथा सुरक्षाबलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में बड़ी सफलता मिली।


### 23 जवानों ने दी शहादत 46 ग्रामीण भी मारे गए

नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे विभिन्न बलों के 23 जवान नक्सलियों के खिलाफ वीरता से लड़ते हुए शहादत दी। इस वर्ष नक्सलियों ने बस्तर संभाग के अलग अलग जिले में नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तथा नक्सलियों द्वारा पुलिस का मुखबीर बताते हुए 46 निर्दोष ग्रामीणों की भी निर्मम हत्या कर दी। इस वर्ष नक्सलियों के साथ हुए 99 बार हुए मुठभेड़ के बावजूद नक्सली जवानों से एक भी हथियार लूटने में सफल नहीं हुए। जबकि सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कब्जे से 645 हथियार बरामद करने में सफल रहे।

## खबर संक्षेप

### अरावली विवाद, सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** अरावली पर्वतमाला को लेकर उठा विवाद एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।



दरअसल, जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही अरावली मानने की नई परिभाषा का विरोध हो रहा है। अब इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की वैकेशन बेंच सोमवार को सुनवाई करेगी।

### वन क्षेत्र में मृत अवस्था में मिला बाघ

**सागर।** मध्यप्रदेश में सागर जिले के एक वन क्षेत्र में रविवार को एक बाघ मृत अवस्था में पाया गया। ढाना रेंज के हिलगन गांव के पास मिले शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही बाघ की मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। ग्रामीणों ने सबसे पहले बाघ के शव देखा और फिर सूचना पाकर वन विभाग का दस्ता मौके पर पहुंचा। बाघ के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### पैराग्लाइडिंग के दौरान दुर्घटना में पायलट की मौत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक 'टैंडम पैराग्लाइडर' के तकनीकी



खराबी के कारण असंतुलित होकर नीचे गिर जाने से एक अनुभवी पायलट की मौत हो गई। यह घटना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त बीर-बिलिंग पैराग्लाइडिंग स्थल पर हुई। दुर्घटना उस समय हुई जब एक 'टैंडम पैराग्लाइडर' ने बिलिंग में उड़ान स्थल से उड़ान भरी थी।

### संपत्ति दिलाने के नाम पर 12 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुग्राम के डीएलएफ कैमेलियास में ऐसी संपत्ति बेचने के नाम पर 12 करोड़ रुपए की ठगी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है। इन गिरफ्तारियों से एक संगठित प्रॉपर्टी धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है, जो पीड़ितों को ठगने के लिए फर्जी बैंक नीलामी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। अपराध शाखा ने भारतीय न्याय संहिता की धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश समेत कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर इस रैकेट का भंडाफोड़ किया।

### पार्षद के घर में देशी बम पाया गया

**कोझिकोड।** केरल में वडकारा के पास अझियूर में रविवार को एक राजद पार्षद के घर के बरामदे में



एक देशी बम पाया गया। यह घटना वडकारा प्रखंड पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में पार्षद द्वारा कथित तौर पर संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के पक्ष में मतदान करने के बाद हुई, जिसके परिणामस्वरूप वाम लोकतांत्रिक मोर्चा को सत्ता गंवानी पड़ी।

कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर पार्टी प्रमुख ने बोला हमला

# खरगे बोले- चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए कई कानूनों को बदला

*कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, मोदी सरकार कांग्रेस द्वारा बनाए गए संस्थानों को कमजोर कर रही है। जल, जंगल और जमीन को लूटा जा रहा है। पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए कई कानूनों को बदला, मनरेगा को नष्ट कर दिया और जनता के अधिकारों को कुचलने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीबों और मजदूरों के हक में मनरेगा की बहाली के लिए मोदी सरकार को मजबूर कर देगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने रविवार को अपना 140वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी का झंडा फहराया और पार्टी के योगदान व आदर्शों को स्मरण किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने सभी कांग्रेस जनों को स्थापना दिवस की बधाई दी और नए साल की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को मुंबई में कांग्रेस की स्थापना हुई थी। तब से 62 साल तक करोड़ों कांग्रेसजनों ने अंग्रेजों से संघर्ष किया, त्याग और बलिदान दिया, जेल में यातनाएं सहीं, तब जाकर देश आजाद हुआ। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों एवं कांग्रेस के निर्माताओं को श्रद्धांजलि दी और कहा कि कांग्रेस उनके सपनों के भारत के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेगी। इस अवसर पर कांग्रेस संसदीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

### हमारा हौसला अब भी बुलंद

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, आज स्थापना दिवस पर मैं उन लोगों से एक बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं, जो कहते हैं कि कांग्रेस का अंत हो गया है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हमारी शक्ति भले ही कम हो गई हो, लेकिन हमारा हौसला अब भी बुलंद है। हमने किसी से समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न ही गरीबों के अधिकारों से। हम भले ही सत्ता में न हों, लेकिन हम समझौता नहीं करेंगे।



### 140 साल का गौरवशाली इतिहास

खरगे ने कांग्रेस स्थापना दिवस पर सभी भारतीयों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140 साल का गौरवशाली इतिहास सत्य, अहिंसा, त्याग, संघर्ष और देशभक्ति की महान गाथा का वर्णन करता है। कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल और अजय माकन सहित पार्टी के कई नेता उपस्थित थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और दिग्विजय सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए, जबकि प्रियंका गांधी वाद्रा मौजूद नहीं थीं।

### इधर, थरूर ने दिग्गी के विचारों का किया समर्थन



कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित पार्टी के 140वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान शशि थरूर ने अपने पार्टी सहयोगी दिग्विजय सिंह के विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान थरूर, पार्टी के इंदिरा भवन मुख्यालय में दिग्विजय सिंह के बगल में बैठे थे और वरिष्ठ नेता के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। दिग्विजय सिंह ने शनिवार को उस समय राजनीतिक हलचल मचा दी थी।

### दिग्विजय बोले- जो कहना था, कह दिया



बयान पर विवाद होने के एक दिन बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्होंने जो कहना था कह दिया है। उन्होंने कहा, मैं 50 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के साथ हूं और मैंने इन सांप्रदायिक ताकतों से विधानसभा, संसद या संगठन में लड़ाई लड़ी है। सिंह ने दावा किया, मेरी उनसे बुनियादी असहमति है और मैं उनकी विचारधारा का विरोध करता हूं। मैंने ऐसे लोगों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ता रहूंगा।

तीन दिन नहीं होगा कामकाज

# सरकारी कर्मचारियों की आज से हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकारी कर्मचारियों ने तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। यह हड़ताल 29 से 31 दिसंबर तक पूरे प्रदेश में ब्लॉक और जिलास्तर पर की जाएगी। हड़ताल से सरकारी कामकाज प्रभावित होगा। केंद्र के समान डीए, एरियर्स, पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने और मोदी गारंटी को पूरा करने समेत 11 सूत्रीय मांगें हैं। फेडरेशन का कहना है कि प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी की उपेक्षा से कर्मचारियों में सरकार के विरुद्ध भारी नाराजगी है। नवा रायपुर स्थित सभी विभागाध्यक्ष कार्यालयों में तालाबंदी होने का दावा फेडरेशन ने किया है। वहीं निगम, मण्डल, बोर्ड, आयोग, स्कूलों में भी तालाबंदी की संभावना है। फेडरेशन ने सारी स्थितियों को देखते हुए हड़ताल की प्रदेशव्यापी तैयारी कर ली है। राज्य के पांचों संभाग में समीक्षा बैठक के साथ ही प्रत्येक जिले में संयोजक द्वारा बैठकों का दौर जारी है। साथ ही सामूहिक अवकाश आवेदन भरा जा रहा है।

- पूरे प्रदेश में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज से काम बंद, कलम बंद का ऐलान

### ये हैं 11 सूत्रीय मांगें

*मोदी की गारंटी अनुसार, प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दी जाए। वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में समायोजित की जाए। राज्य के शिक्षकों, लिपिकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। राज्य में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24, 32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षकों और सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। इसके अलावा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति दी जाए। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कैशलेस सुविधा लागू की जाए। राज्य में अनुकंपा नियुक्ति निशर्त लागू करने के लिए स्थायी आदेश जारी किया जाए। वर्तमान में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए।*

कलाम के बाद दूसरी राष्ट्रपति

# पनडुब्बी में सवार हुईं राष्ट्रपति आईएनएस वाघशीर में की यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर सवार होकर समुद्री यात्रा की। मुर्मू पनडुब्बी पर सवार होकर यात्रा करने वाली देश की दूसरी राष्ट्रपति हैं।

इससे पहले फरवरी 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी आईएनएस सिंधु रक्षक से समुद्री यात्रा की थी। अधिकारियों ने बताया कि कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी पर राष्ट्रपति के सवार होने के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी भी उनके साथ मौजूद थे। मुर्मू ने नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में प्रवेश करने से पहले नौसेना कर्मियों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

### राफेल पर राष्ट्रपति ने भरी थीं उड़ान

राष्ट्रपति मुर्मू ने इस साल के अक्टूबर में अंबाला स्थित भारतीय वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। इसी के साथ वह भारतीय वायुसेना के दो अलग-अलग लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति बनीं। इससे पहले, उन्होंने अप्रैल 2023 में असम के तेजपुर से सुखोई 30 एमकेआई में उड़ान भरी थी।

### दुनिया की सबसे शांत पनडुब्बी



पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी, आईएनएस वाघशीर को इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था। नौसेना अधिकारियों के मुताबिक यह दुनिया की सबसे शांत और बहु-उद्देशीय डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है। इसे कई तरह के मिशन को अंजाम देने के लिए तैयार किया गया है, जिनमें सतह पर मौजूद दुश्मन से लड़ाई, पनडुब्बी-रोधी अभियान, खुफिया जानकारी जुटाना, क्षेत्र की निगरानी और विशेष अभियान शामिल हैं।

# यूपी का धान समितियों में खपाने वाले कोचिया भाई गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/बलरामपुर

खास खबर

किसानों के खातों के आधार पर अवैध धान खपाने वाले कोचिया भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में किसानों के दस्तावेज बरामद किए है। आरोपी भाई लम्बे समय से यूपी का धान लाकर समितियों में अवैध रूप से खपाने का काम कर रहे थे और अब तक करोड़ो रुपए का नुकसान शासन को पहुंचाए जाने की आशंका है। बड़ी बात यह है कि इस



गोरखधंधे में कोचियों का साथ लालच में आए किसानों के साथ ही समिति प्रबंधक व कर्मचारी भी दे रहे थे। पुलिस अधिकारी आने वाले समय में इस मामले में और भी गिरफ्तारियां होने की बात कह रहे है।

### समिति प्रबंधक व कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में

आरोपियों द्वार यूपी से धान लागर किसानों के नाम पर खपाया जाता था। इसके साथ ही धान बिक्री से आने वाली राशि के लिए आरोपियों द्वारा किसानों के बैंक पासबुक, विड्राल फॉर्म को अपने पास रखा गया था और निकासी पर्ची पर पहले से ही किसानों के अंगूठे के निशान लगवा लिए गए थे। खातों में राशि आने दोनों आरोपी आहरित कर लेते थे। बड़ी बात यह है कि इतना बड़ा कारोबार समिति प्रबंधक व कर्मचारियों की सहमती और मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।

तीन डिब्बे नदी में जा गिरे

# मालगाड़ी के 17 डिब्बे पटरी से उतरे, कई ट्रेनें रद्द और डायवर्ट

**पटना।** जमुई जिले के जसीडीह-झाझा मुख्य रेलखंड पर बड़ा रेल हादसा हो गया। आसनसोल की ओर से झाझा जा रही अपलाइन मालगाड़ी टेलवा बाजार हॉल्ट के पास बरुआ नदी पुल के समीप पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के कुल



17 डिब्बे डिरेल हो गए। इनमें से 10 डिब्बे रेलवे ब्रिज पर ही पलट गए, जबकि 3 डिब्बे नीचे बरुआ नदी में जा गिरे। शेष डिब्बे ट्रैक के आसपास बिखर गए, जिससे पूरा रेलखंड अवरुद्ध हो गया।

### पूरी रात फंसे रहे यात्री

रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया है। इसके कारण चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह में सवार होने वाले यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मुजफ्फरपुर से हावड़ा जाने वाली 13020 बाघ एक्सप्रेस को 16 स्टेशनों पर कैंसिल कर दिया गया है, जबकि इस ट्रेन को बरौनी से ही डायवर्ट किया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावे फेल साबित हो रहे

# उल्टा पड़ा ट्रंप का टैरिफ दांव, दिवालियापन की ओर 777 कंपनियां!

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका को चमकाने के नाम पर ट्रंप टैरिफ लगाकर रेवेन्यू बढ़ाने के कितने भी दावे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करें लेकिन असलियत इससे कोसों दूर है। अमेरिका की कंपनियों पर इन टैरिफ का इतना बुरा असर पड़ा है कि 2025 में अब तक दिवालियापन के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों का आंकड़ा पिछले साल की तुलना में करीब 14 प्रतिशत ज्यादा है। इसे 15 साल में सबसे ज्यादा बताया जा रहा है। महंगाई के कारण स्थिति और बिगड़ गई। राष्ट्रपति ट्रंप का रेवेन्यू जेनरेट करने का दावा उल्टा पड़ गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि ट्रंप ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इंडस्ट्रियल सेक्टर पर ज्यादा असर

गौरतलब है कि आयात पर निर्भर अमेरिकी कंपनियों पर ट्रंप के टैरिफ का ज्यादा बुरा असर पड़ा। दिवालियापन की कगार पर पहुंची कंपनियां ज्यादातर इंडस्ट्रियल सेक्टर से जुड़ी थीं। परिवहन, विनिर्माण और निर्माण कंपनियों पर टैरिफ का सबसे बुरा असर देखने को मिला। इसके अलावा अन्य सेक्टर्स को भी बढ़े टैरिफ के चलते बुरी तरह प्रभावित किया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एक वर्ष की अवधि में 70,000 से अधिक जॉब भी खत्म हो गई। ट्रंप के दावे फेल साबित हुए।




### आयात पर निर्भर बिजनेस ठप

रिपोर्ट की मानें, तो अमेरिका के ऐसे बिजनेस जो सीधे तौर पर आयात पर अधिक निर्भर थे, उन्हें दशकों में सबसे अधिक टैरिफ का सामना करना पड़ा। दिवालियापन का आवेदन दाखिल करने में सबसे अधिक वृद्धि इंडस्ट्रियल सेक्टर में देखने को मिली।

एक्पर्ट व्यू

### व्यवसायों पर दबाव

इकोनॉमिस्ट और बिजनेस एक्सपर्ट्स का कहना है कि व्यापार युद्धों ने आयात पर निर्भर व्यवसायों पर दबाव डाला है, जो उपभोक्ताओं को नाराज करने और उनके दूर जाने के डर से अपने सामानों की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि करने से हिचकिचा रहे थे। येल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्रोफेसर जेफरी सोननफेल्ड का कहना है कि दिवालियापन का आवेदन देने वालीं ये अमेरिकी कंपनियां आम अमेरिकी नागरिकों के सामने मौजूद महंगाई के संकट से अच्छी तरह से परिचित हैं।

## 'मन की बात' का 2025 का आखिरी एपिसोड

*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129वे एपिसोड का आज प्रसारण हुआ। यह इस साल की आखिरी एपिसोड था। पीएम मोदी देश की वर्ष 2025 की उपलब्धियों की चर्चा करने के साथ ही नए वर्ष 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं, डेवलपमेंट पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा, 'इस साल, 'ऑपरेशन सिंदूर' हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। पूरी दुनिया ने देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुनिया के हर कोने से भारत माता के प्रति प्यार और भक्ति की तस्वीरें सामने आईं। यही भावना तब भी देखने को मिली जब 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे हुए।*

# मोदी बोले- 'ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया'

**विज्ञान और अंतरिक्ष में भी मिलीं उपलब्धियां :** प्रधानमंत्री ने विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा, भारत ने साइंस और स्पेस के क्षेत्र में भी बड़ी छलांग लगाई है। शुभांशु शुक्ला इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। पर्यावरण सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी कई पहल भी 2025 में शुरू हुईं। भारत में अब चीतों की संख्या 30 से ज़्यादा हो गई है।

### मुझे इस इवेंट का बेसब्री से इंतजार : मोदी

मोदी ने कहा, 'कई युवा मुझसे पूछते हैं कि वे अपने आइडिया का प्रेजेंटेशन मुझे कैसे दे सकते हैं? युवाओं की इस जिज्ञासा का समाधान 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' है। अगले महीने की 12 तारीख को स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया जाएगा। उसी दिन 'यंग लीडर्स डायलॉग' भी ऑर्गनाइज किया जाएगा, और मैं भी उसमें ज़रूर हिस्सा लूंगा। मुझे इस इवेंट का इंतज़ार है।

### कुंभ के आयोजन ने पूरी दुनिया को हैरान किया

इस साल की शुरुआत में कुंभ के भव्य आयोजन का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस आयोजन ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। उन्होंने कहा, 2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की अनोखी विरासत सब एक साथ देखने को मिलीं। साल की शुरुआत में प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। साल के आखिर में अयोध्या में राम मंदिर में झंडा फहराने की सेरेमनी ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया।



### भारत ने हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी

पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते कहा कि कुछ ही दिनों में साल 2026 दस्तक देने वाला है मन में पूरे एक साल की यादें घूम रही हैं। कई उपलब्धियां जिन्होंने देश को एक साथ जोड़ दिया। 2025 ने हमें कई ऐसे पल दिए जिससे हर भारतीय को गर्व महसूस दिया। देश की सुरक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, विज्ञान की प्रयोगशालाओं से लेकर दुनिया के बड़े मंचों तक, भारत ने हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी।

### खेल के हर फील्ड में लहराया तिरंगा

मोदी ने कहा, '2025 स्पोर्ट्स के लिहाज़ से भी एक यादगार साल था। हमारी मेन्स क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। विमेंस क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप जीता। भारत की बेटियों ने विमेंस ब्लाइंड टी20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीतकर पैरा-एथलीट्स ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट पक्के इरादे को नहीं रोक सकती। पीएम मोदी ने कहा कि कश्मीर के बारामूला के जेहनपोरा नाम की एक जगह है वहां लोग बरसों से कुछ ऊंचे-ऊंचे टीले देखते आ रहे थे।

## खबर संक्षेप

### खालिदा जिया की हालत 'बेहद गंभीर': चिकित्सक



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत "बेहद नाजुक" बनी हुई है। उनके निजी चिकित्सक ने यह जानकारी दी। कई स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रही 80 वर्षीय खालिदा जिया 23 नवंबर से ढाका के 'एवरकेयर' अस्पताल में उपचाराधीन हैं और उन्हें 11 दिसंबर को वेंटिलेटर पर रखा गया था।

### अवैध रूप से रह रहे सात नाइजीरियाई गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका इलाके में पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रहने के आरोप में सात नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लिया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की कई टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर सत्यापन अभियान चलाकर इन विदेशी नागरिकों को पकड़ा। जांच के दौरान पता चला कि उनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे। बताया गया कि पकड़े गए सभी व्यक्ति या तो वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे थे या वैध अनुमति के बिना रह रहे थे।

## उस्मान हादी की हत्या पर अपनी नाकामी छुपाने बांग्लादेश ने बदला पैंतरा

# बांग्लादेश का दावा, हादी के हत्यारे मेघालय के रास्ते से भागे, भारत ने दावे को किया खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बांग्लादेश की पुलिस ने दावा किया है कि इंकलाब मंच के संयोजक और भारत विरोधी नेता उस्मान हादी की हत्याकांड में शामिल दो संदिग्ध भारत भाग गए हैं। उन्होंने प्रेस ब्रीफिंग कर दावा किया कि दोनों संदिग्धों ने मेघालय सीमा से भारत में प्रवेश किया। इतना ही नहीं उन्होंने भारत में दो संदिग्धों की गिरफ्तारी का दावा भी कर दिया। वहीं दूसरी ओर मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था। बीएफएफ ने साफ कहा कि बांग्लादेश पुलिस का यह दावा दुर्भाग्यपूर्ण व भ्रामक है। बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपॉलिट पुलिस ने दावा किया है कि उस्मान हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध मैमनसिंह के हलुआघाट बॉर्डर के रास्ते भारत में घुसे हैं। हालांकि, कुछ दिन पहले ही पुलिस ने बताया था कि उन्हें हमलावरों की सटीक लोकेशन के बारे में पता नहीं है।

### बीएसएफ ने दावों को बताया निराधार

मेघालय के बीएसएफ प्रमुख, पुलिस महानिरीक्षक ओपी उपाध्याय ने कहा, ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि किसी व्यक्ति ने हलुआघाट सेक्टर से मेघालय में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की हो। बीएसएफ ने न तो ऐसी कोई घटना देखी है और न ही उसे ऐसी कोई सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि जो दो लोगों की गिरफ्तारी के दावे किए जा रहे हैं, वे सब दुर्भाग्यपूर्ण व भ्रामक हैं।

### ढाका पुलिस ने क्या बताया

प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, ढाका के एडिशनल कमिश्नर एसएन नजरुल इस्लाम ने कहा कि संदिग्ध, फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख स्थानीय साथियों की मदद से मेघालय में घुसे हैं। उन्होंने दावा किया, हमारी जानकारी के अनुसार बॉर्डर पार करने के बाद, उन्हें शुरू में पूर्ति नाम के एक व्यक्ति ने रिसीव किया। बाद में, सामी नाम के एक टैक्सी ड्राइवर ने उन्हें मेघालय के तुरा शहर पहुंचाया।

### भारत में दो संदिग्धों की गिरफ्तारी का दावा

उन्होंने आगे कहा कि पुलिस को अनौपचारिक रिपोर्ट मिली हैं कि भागने में मदद करने वाले दो व्यक्तियों, पूर्ति और सामी को भारत में अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया है। नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश सरकार संदिग्धों को वापस लाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।


### लंदन में हिंदुओं का प्रदर्शन खालिस्तानियों ने डाला अड़ंगा



**लंदन।** लंदन में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर आयोजित एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन उस समय विवादों में घिर गया, जब खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने इसमें बाधा डाल दी। यह प्रदर्शन हिंदू समुदाय के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपु चंद्र दास की मौत को लेकर विरोध जाहिर करने का था। प्रदर्शन के दौरान खालिस्तानी समर्थकों के हस्तक्षेप ने प्रदर्शनकारियों को हैरान कर दिया। चश्मदीदों के अनुसार, खालिस्तानी समूह ने भारत-विरोधी नारे लगाए और खालिस्तानी झंडे लहराए। वहीं हिंदू प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और मानवीय था। इसका किसी भी देश की आंतरिक राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था।

# शाह बोले- राहुल थकिए मत, आपको तमिलनाडु-बंगाल में भी हारना है

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति देश की सोच से मेल नहीं खाती। शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुनावों में बार-बार हार डेवलपमेंट की पॉलिटिक्स न समझ पाने का नतीजा है। उन्होंने कहा- 'राहुल आप अभी से थकिए मत, आगे भी हारना है। आप पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी चुनाव हारेंगे। 2029 में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक बार फिर सत्ता में लौटेगी।' शाह ने राहुल गांधी की संसद में की गई उस टिप्पणी का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की लगातार चुनावी हार को लेकर सवाल उठाया था। शाह ने कहा कि दो पब्लिक प्रोग्राम के नतीजे ही इस सवाल का जवाब दे देते हैं।

### जनता से जुड़े मुद्दों का हमेशा किया विरोध

शाह ने कहा कि भाजपा ने भरोसे और जनता की जरूरतों को समझकर शासन किया, इसलिए उसे बार-बार चुनावों में जनादेश मिला। वहीं कांग्रेस लगातार इसलिए हार रही है, क्योंकि वह उन मुद्दों का विरोध करती है जिनका जनता समर्थन करती है। राहुल गांधी विकास और सुशासन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय कानूनी और टेक्निकल मुद्दों में उलझे रहते हैं।

### कांग्रेस ने नीतिगत फैसलों का विरोध किया

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने उन सभी नीतिगत फैसलों का विरोध किया, जिन्हें जनता का समर्थन मिला। इनमें राम मंदिर, ऑपरेशन सिंदूर, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन, अनुच्छेद 370 हटाना और काशी में मंदिर निर्माण जैसे फैसले शामिल हैं।

## असम में एक करोड़ से अधिक की अफीम व सिगरेट जब्त

**गुवाहाटी।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में अफीम समेत एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, ''चाहे आप कार्बी आंगलोंग के 'हाइजेनबर्ग' हों जिसके पास 1.2 करोड़ रुपये कीमत की 19 किलोग्राम अफीम है या आपके पास संदिग्ध रूप से म्यांमा की सिगरेट की 40 पेटियां हैं, असम पुलिस आपको ढूंढ लेगी और पकड़ लेगी।''

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
94060-21769
असली केंदवा मलहम
HMS देखकर खरीदें
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

#### आंदोलनों को रोकने होगी समीक्षा

## केंद्र ने सभी राज्यों से मांगी विरोध-प्रदर्शनों की जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस प्रमुखों से आजादी के बाद हुए आंदोलनों और विरोध प्रदर्शनों की जानकारी मांगी है। खासतौर से उन आंदोलनों की जानकारी मांगी गई है, जो 1974 के बाद हुए हैं। इन जानकारियों में आंदोलन का कारण, उसके आयोजक, संरचना और विचारधारा समेत तमाम रिकॉर्ड शामिल हैं। इसका इस्तेमाल आंदोलनों को रोकने के लिए व्यापक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाने के लिए किया जाएगा। माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में हुए हिंसक आंदोलनों से सबक लेकर भविष्य की योजनाएं तैयार की जाएंगी।

### सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को भेजा गया पत्र

रिपोर्ट के मुताबिक, सभी पुलिस महानिदेशकों को भेजे गए पत्र में बीपीआरडी के एक एडीजी रैंक के अधिकारी ने कहा, सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आजादी के बाद के सभी विरोध प्रदर्शनों का विवरण प्रदान करें। जरूरी जानकारी कृपया एनआईसी लिंक के माध्यम से साझा की जाए। सितंबर में गृह मंत्री अमित शाह ने बीपीआरडी को आंदोलनों को रोकने के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए थे।

#### यूपी के सीएम का विशेष संवाद

## गलगोटियाज यूनिवर्सिटी की वैश्विक रैंकिंग को योगी ने सराहा



**नोएडा।** भारत और वैश्विक शिक्षा परिदृश्य में उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा जिस तेजी से बढ़ रही है, उसमें गलगोटियाज यूनिवर्सिटी अहम योगदान कर रही है। इस बारे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में एक विशेष संवाद के दौरान विश्वविद्यालय की खास तौर पर सराहना की। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स और टाइम्स हायर एजुकेशन में विश्वविद्यालय के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने गलगोटियाज विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक अग्रणी उदाहरण तथा राज्य का गौरव बताया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार-आधारित शिक्षण और वैश्विक सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो प्रदेश को एक उभरते ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG, 2D-Echo, TMT
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
मो. 7999450384, 7042974029

Vrinda Multispeciality Hospital
सभी प्रकार की एलर्जी
छाती रोग
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.)

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास
डॉ. नमित नंदे
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

डॉ. मनोज अग्रवाला
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

पाइल्स
क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह/पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422


MARUTI SUZUKI
NEXA
ROAD TAX?
WE HAVE TAKEN CARE OF IT!
GRAND VITARA STRONG HYBRID WITH
OFFERS OF UP TO ₹ 2.4 LAKH*.
GRAND VITARA
GRAND VITARA
STRONG HYBRID
R17 MACHINED ALLOY WHEELS
AUTO PURIFY WITH PM2.5 DISPLAY
8-WAY DRIVER POWERED SEAT
EV MODE
6 AIRBAGS AS STANDARD
5 YEAR WARRANTY~
3 YEARS + 2 YEARS COMPLIMENTARY
NEXA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO
A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @
WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392
For detailed T&C, kindly visit nearest dealership. Creative visualisation. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. Features and accessories shown may not be part of the standard fitment. *Offers are applicable on Delta+, Zeta+ & Alpha+ variants. **Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. Above offers are valid for limited period only. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. ~This extended warranty is applicable for Delta+, Zeta, Zeta+, Alpha and Alpha+ variants except CNG variants of Grand Vitara. Offer amount is equivalent to the applicable Road Tax.

चिंतन

# ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों को जवाब

ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों को अब पाकिस्तान की टॉप लीडरशिप से ही कड़ा जवाब मिल रहा है। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार, पाक थलसेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर अहमद शाह के बाद अब राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी माना कि भारत की मिसाइलों ने पाकिस्तान में भारी तबाही मचाई थी। इसके कारण पूरा पाकिस्तान दहशत में आ गया था। भारत की सधी हुई सटीक कार्रवाई ने पाकिस्तान की नींदें उड़ा दी थीं। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर छेड़ा, तो उस समय हालात ये हो गए थे कि वहां की टॉप लीडरशिप को बंकर तक में छिपाने का इंतजाम होने लगा था। ये बात खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने स्वीकार की है। ऐसे में कोई भी समझ सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर कामयाब था या नहीं। आतंकी हमले के जवाब में मई में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसमें पीओके और पाकिस्तान में स्थित कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया और फिर पाकिस्तानी एयरबेस पर भी जमकर हमले किए गए थे। एक कार्यक्रम के दौरान जरदारी ने स्वीकार किया कि भारत की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व में डर का माहौल व्याप्त था। भारतीय हमलों के समय उनके मिलिट्री सेक्रेटरी ने उन्हें सुरक्षा के लिए बंकर में जाने की सलाह दी थी। हालांकि उन्होंने बंकर में जाने से मना कर दिया था और कहा था कि नेता बंकर में नहीं मरते। जरदारी ने कुबूल किया कि सेना से लेकर सरकार तक भारतीय हमलों से डरी हुई थी। आमजन में भी भय का महौल था कि अब क्या होगा। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने भी ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की दास्तां सुनाई। उन्होंने कहा कि भारत ने रावलपिंडी के चकला में उनके नूर खान एयर बेस तक को निशाना बनाया था, जिससे उनके मिलिट्री ठिकाने को नुकसान पहुंचा। भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी इलाके में कई ड्रोन भेजे थे और एक ड्रोन ने मिलिट्री ठिकाने को नुकसान पहुंचाया था। इससे पहले पाक सेना प्रमुख मुनीर ने भी कहा था कि भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद जब हमले किए, तो खुद अल्लाह ने उन्हें मदद भेजी। हमने इसे महसूस किया। आप खुद सोचिए कि भारत को मुंहतोड़ जवाब देने की बातें करने वाले मुनीर को जंग के वक्त मची तबाही से ईश्वर याद आने लगे थे। वहीं, पाक पीएम शहबाज शरीफ ने भी खुद ऑपरेशन सिंदूर के 10 दिन के अंदर ही बताया था कि कैसे भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तान को दहला दिया था। उन्होंने स्वीकारा था कि भारतीय हमलों में रावलपिंडी एयरपोर्ट तक को तबाह कर दिया गया था। आपको याद दिला दें कि 7 मई को भारत ने अचानक ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की, जबकि पाकिस्तान इसके लिए तैयार नहीं था। भारत पहले ये दावे कर चुका था, कि उसने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए, सटीक निशाने साधकर पाक को घुटनों के बल पर आने को मजबूर कर दिया था, लेकिन पाकिस्तान इस पर गोलमोल बातें करता था। अब पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व ही साफ बता रहा है कि भारत के निशाने कितने सटीक थे और ऑपरेशन सिंदूर कितना सफल रहा था। पाक का यह कबूलनामा भारत में ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों के लिए भी करारा जवाब है।



पड़ोस
अरविंद जयतिलक

# अराजक बन चुका यूनुस का शासन तंत्र

बांग्लादेश में उपजी अराजकता के बीच एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। बीते सप्ताह दीपू चंद्र दास की निर्दयतापूर्वक पीट-पीटकर हत्या और फिर पेड़ से लटकाकर जलाने की कायराना हरकत के बाद समझा गया था कि यूनुस सरकार कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। सच कहें तो हालात अब पहले से भी बदतर हैं। अब भी अराजकतावादियों द्वारा हिंदू घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों को लूटा जा रहा है। बेहतर होगा कि भारत सरकार बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए। वैश्विक समुदाय को भी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कदम उठाना चाहिए।

बांग्लादेश में उपजी अराजकता के बीच एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। बीते सप्ताह दीपू चंद्र दास की निर्दयतापूर्वक पीट-पीटकर हत्या और फिर पेड़ से लटकाकर जलाने की कायराना हरकत के बाद समझा गया था कि यूनुस सरकार कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। सच कहें तो हालात अब पहले से भी बदतर हैं। अब भी अराजकतावादियों द्वारा हिंदू घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों को लूटा जा रहा है। हिंदू इलाकों में डर और भय का माहौल है। हिंदू महिलाएं बेहद असुरक्षित और असहाय हैं। हिंदुओं को अपनी जान बचाने के लिए भागना-छिपना पड़ रहा है। तख्तापलट के बाद अब तक सैकड़ों हिंदू नेताओं और व्यापारियों की हत्या हो चुकी है। सेना और पुलिस तमाशबीन हैं। सच कहें तो अंतरिम सरकार के अगुवा मोहम्मद यूनुस का तंत्र अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए कसाई बन चुका है। उनकी सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं को मिटाने पर आमादा है। किसी से छिपा नहीं है कि बांग्लादेश में बहुतेरे आतंकी और कट्टरपंथी संगठन हैं जिन्हें यूनुस सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इनका एकमात्र मकसद बांग्लादेश से हिंदू अल्पसंख्यकों को खत्म करना है। इसके लिए वे तीन रास्ते अपना रहे हैं-हत्या, बलात्कार और धर्म परिवर्तन।

गत वर्ष ही बांग्लादेश राष्ट्रीय हिंदू महाजोत द्वारा खुलासा किया गया था कि पिछले एक वर्ष में बांग्लादेश में हिंदू समुदायों की 39 महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया। इनमें 27 महिलाएं गैंगरेप का शिकार हुई हैं। 55 महिलाओं से बलात्कार की कोशिश हुई। रिपोर्ट के मुताबिक बलात्कार के बाद 14 महिलाओं की हत्या की गई। हिंदू महाजोत संस्था के जिम्मेदार लोगों की मानें तो पिछले एक वर्ष में अल्पसंख्यक समुदाय के 424 लोगों को मारने का प्रयास किया गया। तकरीबन 360 लोगों को बुरी तरह घायल किया गया। 127 लोगों का अपहरण हुआ। 445 अल्पसंख्यक परिवारों को देश छोड़ने पर मजबूर कर उनकी 89,990 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया। 3694 परिवारों को बेदखल कर उनकी जमीन हड़पने का प्रयास किया गया। 15,115 परिवारों पर पलायन का खतरा बरकरार है। 152 लोगों का धर्म परिवर्तन किया गया है। पिछले एक वर्ष में 51 मंदिरों की जमीन पर कब्जा और 128 मंदिरों पर हमले, तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई। मंदिरों से मूर्ति चोरी की 72 घटनाएं हुई। अल्पसंख्यकों से 27 करोड़ 46 लाख 33 हजार रुपये की वसूली की गयी। कुल नुकसान 220 करोड़ 89 लाख टका का हुआ। गौर करें तो यह परिदृश्य तख्तापलट से पहले का है। तख्तापलट के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कितना अत्याचार हुआ है, उसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। सच कहें तो बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को अब जीने की आजादी नहीं रह गई है। नतीजतन बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की आबादी तेजी से घट रही है। अभी गत वर्ष ही अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता रिचर्ड बेंकिन ने खुलासा किया था कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी तेजी से घट रही है। रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना और खालिदा जिया के अंतर्गत बांग्लादेशी सरकारों ने उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की है, जो हिंदुओं के खिलाफ काम करते रहे हैं। बेंकिन के आंकड़ों पर गौर



करें तो बांग्लादेश की कुल आबादी 15 करोड़ है जिसमें से 90 प्रतिशत मुसलमान हैं। हिंदू आबादी घटकर 9.5 प्रतिशत रह गई है। सवाल उठना लाजिमी है कि अगर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू सुरक्षित हैं तो मुसलमानों की आबादी की तुलना में उनकी आबादी में आनुपातिक वृद्धि क्यों नहीं हुई है?

गौर करें तो इसके दो मुख्य कारण हैं। एक सुनियोजित रणनीति के तहत अल्पसंख्यक हिंदुओं का कत्ल और दूसरा उनका धर्मांतरण। आमतौर पर बांग्लादेश का हिंदू जनमानस राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर है। आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के अलावा बेगम खालिदा जिया के नेतृत्व वाले राजनीतिक संगठन बीएनपी के समर्थक भी उन्हें लगातार निशाना बनाते रहते हैं। यह तथ्य है कि जब भी बेगम खालिदा जिया की नेतृत्व वाली बीएनपी सत्ता में आई है, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ा है। खालिदा सरकार इस्लामिक कट्टरपंथियों को हिंदुओं के खिलाफ भड़काती है। यह तथ्य है कि 2001 में जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार सत्ता में आई तो योजना बनाकर हिंदुओं का नरसंहार किया गया। उसके समर्थक हिंदुओं के घर जलाए और संपत्तियों की लूटपाट की। हिंदू अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ शर्मनाक कृत्य किए। बेगम खालिदा सरकार के डर से लाखों हिंदू बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गए। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सत्ता से विदाई के बाद जब अवामी लीग की सरकार सत्ता में आई तो उसने हिंदू अल्पसंख्यकों को न्याय का भरोसा दिया। उसने खालिदा सरकार के दौरान नरसंहार की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया। आयोग ने 25 हजार से अधिक लोगों को हिंदुओं पर हमले का जिम्मेदार ठहराया और उन पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। शर्मनाक तथ्य यह कि हमलावरों में खालिदा सरकार के 25 पूर्व मंत्री भी शामिल हैं, लेकिन अरसा गुजर जाने के बाद भी गुनाहगारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। आज भी वे खुलेआम घूम रहे हैं। बांग्लादेश में न केवल अल्पसंख्यकों की निर्मम हत्याएं हो रही है बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों को भी सुनियोजित तरीके से समाप्त किया जा रहा है। खालिदा सरकार के दौरान एक साजिश के तहत हिंदुओं के प्रापर्टीज अधिकारों को सीमित किया गया। हालांकि अवामी लीग की सरकार ने 2011 में 'वेस्टेज प्रापर्टीज रिटर्न (एमेंडमेंट) बिल 2011 पारित कर जब्त की गई या मुसलमानों द्वारा कब्जाई गई हिंदुओं की जमीन को वापस करने का कानून बनाया, लेकिन अभी तक उसका कोई सार्थक नतीजा सामने नहीं आया है।

सच तो यह है कि इस बिल के पारित होने के बाद मुस्लिम कट्टरपंथियों में हिंदुओं की जमीन कब्जाने की होड़ मच गई है। अगर कट्टरपंथियों के समर्थन वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सरकार में आती है तो इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 1960 में एक विवादित कानून के तहत हिंदुओं की जमीनें हड़प ली गई थी। यह कानून पूर्वी पाकिस्तान प्रशासन ने लागू किया था और उसम समय बांग्लादेश पाकिस्तान का हिस्सा था। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद इस कानून का विरोध हुआ सरकार ने अपने वादे के मुताबिक 'वेस्टेज प्रापर्टीज रिटर्न ( एमेंडमेंट) बिल 2011 पारित की है लेकिन अल्पसंख्यक हिंदू अपनी प्रापर्टीज पर काबिज नहीं हो सके हैं। बेहतर होगा कि भारत सरकार बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए। वैश्विक समुदाय को भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कदम उठाना चाहिए। अन्यथा वहां भी हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति पाकिस्तान में बदतर हिंदू अल्पसंख्यकों जैसी होनी तय है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अलर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा



# नए साल के उत्सव पर आतंकी भय का साया

नववर्ष 2026 दस्तक देने वाला है। दुनियाभर में महीनों पहले नए साल के उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। आर्थिक पहलू पर यह समय पर्यटन उद्योग के लिए और सामाजिक-पारिवारिक पक्ष पर मेलजोल, यात्राओं और उत्सवीय रौनक के लिए बहुत अहम होता है। दुखद है कि दुनियाभर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के चलते नए साल के उत्सव पर भी भय का साया मंडरा रहा है। इसके चलते नववर्ष के स्वागत के बजाय दुनिया के कई बड़े शहर सुरक्षा की चिंता में डूब गए हैं। ध्यातव्य है कि पेरिस, टोक्यो और सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में नववर्ष के सार्वजनिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। पेरिस में शॉन्ज एलीजे पर होने वाला कॉन्सर्ट, जापान की राजधानी टोक्यो में शिबुया काउंटडाउन इवेंट, यूरोप के बेलग्रेड शहर में सरकारी स्तर होने वाला न्यू ईयर समारोह जैसे बड़े कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर न्यू ईयर बॉल ड्रॉप को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। आतंकी घटनाओं के कारण बने भय के परिवेश में सुरक्षा कारणों से उत्सवों का रद्द होना सचमुच चिंतनीय है। ये दुनिया के किसी भी हिस्से में बसे सहज जीवन जीने वाले आम लोगों को निराश करने वाली स्थितियां हैं। विचारणीय यह भी है कि ऐसे कदम चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा के प्रबंध के लिए चर्चा पाने उन देशों में उठाए जा रहे हैं। बेलग्रेड शहर के मेयर अलेक्जेंडर सापिच के अनुसार इस साल कोई आधिकारिक सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होगा। स्थानीय प्रशासन ने इसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है। हालिया दिनों में दुनिया के कई शहरों में आतंकी घटनाएं होने के कारण जोखिम लेना सही नहीं है। कार्यक्रम निरस्त करने के पीछे अमेरिका में हुई एक बड़ी कार्रवाई को भी माना जा रहा है। इसमें लॉस एंजिल्स में नववर्ष की संध्या पर कई जगहों पर बम धमाके की साजिश का खुलासा हुआ है। अफसोस कि इन्हीं देशों के कई संस्थान और सरकारें भारत को सहिष्णुता पर नसीहतें देते रहे हैं। ऐसी पीड़ादायी घटनाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करते रहे हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने तो अपनी रिपोर्ट में इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों को मिलिटेंट्स और गनमैन तक लिखा था। आतंकी हमलों की गंभीरता को कम करने और भारत के प्रति असहयोगी रवैया अपनाने का यह रुख कई बार देखने को मिला है। फिलहाल नए साल के अवसर पर वहां आतंकी घटना होने की आशंका ही उत्सव मानने में खलल डाल रही है। असल में निर्दोष लोगों का जीवन छीनने की कट्टरता और दुस्साहस अब तीसरी दुनिया के देशों की समस्या भर नहीं रहा। बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में यहूदी समुदाय द्वारा पर्व की खुशियां मनाते लोगों पर भी आतंकी हमला हुआ था। ज्ञात हो कि हनुक्का उत्सव के दौरान आतंकी हमले को अंजाम देने वाले बंदूकधारियों द्वारा भीड़ पर की गई गोलीबारी में 15 लोगों का जीवन छिन गया था। पिता-पुत्र की जोड़ी द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में दर्जनों की संख्या में लोग घायल हुए थे। 2025 में नववर्ष के दिन ट्रक में सवार एक अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिक ने अस्थायी अवरोधों को पार करते हुए न्यू ऑरलियन्स के भीड़भाड़ वाले फ्रेंच क्वार्टर में ट्रक घुसा दिया था। इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई। विकसित देशों में भी आतंकी घटनाओं से भय का परिवेश का बन गया है। स्पष्ट है कि आतंकी घटनाएं और हिंसक मानसिकता अब दुनियाभर में ना केवल डेरा जमा रही है बल्कि सहज जीवन में भी बाधा बन गईं हैं। कहना जरूरी है कि हमारा देश तो आतंक की इस पीड़ा को बरसों से भोगता आया है। अब अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के देश भी इस कट्टरता की तपिश के घेरे में हैं। भारत में तो हालिया वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी सतर्कता से आतंकवादियों के नकारात्मक इरादों को बार-बार विफल किया है। बावजूद इसके पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया गया आतंकी हमला हो या दिल्ली में लाल किले के पास हुआ बम धमाका। हिंसक मानसिकता का यह उन्माद सिर उठाता रहता है। मुस्तैदी से डटी सुरक्षा एजेंसियों से मिला भरोसा ही है कि भारतीय नागरिक अपने पर्व-उत्सव बिना भय के मना पाते हैं।



( लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## देवी काली का धरा रूप



कोलकाता में रविवार को स्ट्रीट आर्ट फेस्टिवल के दौरान देवी काली के रूप में सजी एक कलाकार।

## आज की पाती

### जाम पर कैसे मिले मुक्ति

संतोषीनगर अंडरबिज के पास जाम दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सुबह शाम को रिंग रोड पार करना एक परीक्षा से कम नहीं। सियासतदारों ने नया बस स्टैंड भाठागांव में ला दिया, लेकिन यह नहीं सोचा की ट्रैफिक का दबाव कैसे डायवर्ट होगा। सुबह किसी को दफ्तर जाना है, कोई अस्पताल के लिए निकलता है और अंडरब्रिज के पास आकर रुक जाता है। यातायात पुलिस जरूर होती है, लेकिन यातायात नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है। अब ऐसे में लोग किससे शिकायत करें।

*- होमन देवांगन, रायपुर*

## करंट अफेयर


# श्रीलंका में भारत के राहत पैकेज को संयुक्त समिति लागू करेगी

श्रीलंका और भारत के अधिकारियों को मिलाकर बनाई गई संयुक्त समिति को चक्रवात 'दित्वा' के बाद भारत द्वारा श्रीलंका को दिए जाने वाले पुनर्निर्माण पैकेज की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मीडिया में रविवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस पैकेज की घोषणा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की, जिन्होंने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो का दौरा किया था और चक्रवात के बाद कोलंबो के पुनर्निर्माण के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया था। इस चक्रवात के कारण 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। कुल 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पैकेज में से 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर रियायती ऋण के तौर पर हैं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर अनुदान के रूप में होंगे। 'द संडे टाइम्स' के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संयुक्त समिति पुनर्निर्माण परियोजनाओं, भारतीय ऋण के तहत की जाने वाली खरीद और परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए भारत से मानव संसाधन की तैनाती पर निर्णय लेगी। इसमें कहा गया है कि संयुक्त समिति परियोजनाओं को पूरा करने के लिए तीन, छह और नौ महीने की तीन समय सीमाओं के तहत काम करेगी। यह कार्य पांच अलग-अलग श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा।



## ऑफ बीट

# क्या मैराथन से हृदय को नुकसान पहुंचता है?



मैराथन दौड़ मानव शरीर को उसकी क्षमता की सीमा तक पहुंचा देती है। पैर थक जाते हैं, सांस फूलने लगती है और हृदय को घंटों तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसी वजह से वर्षों से यह सवाल उठता रहा है कि क्या 26 मील (लगभग 42 किलोमीटर) दौड़ना हृदय के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अध्ययन में पाया गया कि मैराथन के तुरंत बाद हृदय के दाहिने वेंट्रिकल (जो खून को फेफड़ों तक पहुंचाता है) की पंप करने की क्षमता कुछ समय के लिए कम हो जाती है, लेकिन यह कमजोरी कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है। सबसे अहम बात यह रही कि दस साल की निगरानी अवधि में इन धावकों के हृदय की कार्यक्षमता को कोई स्थायी नुकसान होने के प्रमाण नहीं मिले। यह निष्कर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले के कुछ अध्ययनों में आशंका जताई गई थी कि लंबी अवधि की कसरत हृदय को नुकसान पहुंचा सकती है। यह चिंता मुख्य रूप से लंबी अवधि की कसरत के बाद लिए गए रक्त नमूनों पर आधारित थी। मैराथन के बाद कई धावकों के खून में ट्रोपोनिनि नामक पदार्थ का स्तर बढ़ जाता है। ट्रोपोनिन तब निकलता है जब हृदय की मांसपेशियों पर अधिक दबाव या तनाव पड़ता है। डॉक्टर आमतौर पर दिल के दौरे का पता लगाने के लिए ट्रोपोनिन के स्तर का उपयोग करते हैं।

## ट्रेंड


### सौर ऊर्जा का उपयोग



भारत के युवा सतत विकास के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखा रहे हैं। इस संदर्भ में, मणिपुर के मोइरांगथेम सेठ द्वारा सौर ऊर्जा का उपयोग करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों की सराहना की जाती है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### विनम्र श्रद्धांजलि



भारत के औद्योगिक विकास के आधार स्तंभ, प्रख्यात उद्योगपति, 'पद्म विभूषण' रतन टाटा की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने भारत में उद्यम एवं उद्यमिता को नई गति प्रदान की, 'आत्मनिर्भर भारत' की सिद्धि में उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### मर्ज़ी और पर्ची



'मर्ज़ी और पर्ची' ही जिस पार्टी के संगठन और सरकार का आधार हो, वहाँ मौन रहने में ही अपना सम्मान है। जहाँ पूरी कैबिनेट बदल दी जाती है, वहाँ कोई ग़लतफ़हमी में किसी तरह की बयानबाज़ी न करे और न ही किसी समाज को सार्वजनिक चेतावनी दे।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### समावेशी विकास



कांग्रेस ने हमेशा जनता के कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए काम किया है। हम संविधान द्वारा प्रदत्त राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक अधिकारों में समान अवसर में विश्वास रखते हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# 700 करोड़ पार हुई धुरंधर, ऐसा करने वाली साल की पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड में हर साल कई बड़ी फिल्में आती हैं, लेकिन कुछ ही ऐसी होती हैं जो लंबे समय तक सिनेमाघरों में टिककर इतिहास रचती हैं। इन्हीं में से एक नाम बन चुका है फिल्म धुरंधर, जिसने रिलीज के चौथे हफ्ते में भी अपनी रफ्तार बरकरार रखी है। जिस तरह से फिल्म ने लगातार चार शनिवार को शानदार कमाई की है। चौथे हफ्ते के शनिवार को फिल्म ने 20 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया। आमतौर पर इस स्टेज पर फिल्में सीमित स्क्रीन्स और कम शो के साथ संघर्ष करती हैं, लेकिन धुरंधर ने इसके उलट शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ ही फिल्म ने सिर्फ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है और इसी के साथ इस साल ऐसा करने वाली पहली फिल्म भी बन गई है।

लाइफ Style



# हुमा एलिजाबेथ के किरदार में बिखेरेंगी जलवा

केजीएफ स्टार यश की मच अवेटेड फिल्म टॉक्सिक को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यही कारण है कि फैंस फिल्म के हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी के बाद अब फिल्म से हुमा कुरैशी का फर्स्ट लुक सामने आया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर हुमा कुरैशी के लुक को जारी किया है। इस लुक में हुमा काले कपड़ों में खड़ी नजर आ रही हैं। एक काले रंग की कार के पास हुमा एक मॉडर्न गाउन पहने खड़ी हैं और पोज दे रही हैं। पीछे एक परी की तरह की मूर्ति भी नजर आ रही है। हुमा के लुक को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'पेश है टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में एलिजाबेथ के किरदार में हुमा कुरैशी।'इस लुक में हुमा किसी महारानी की तरह नजर आ रही हैं। उनका लुक उनके किरदार के दमदार होने का सबूत देता है। इससे पहले फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आ चुका है। अभिनेता यश ने ही कियारा आडवाणी के लुक को भी रिवील किया था। इसमें कियारा रैंप पर वॉक करती दिख रही थीं। उन्होंने ऑफ शोल्डर हाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। रैंप वॉक करते हुए वह रो रही थीं। उनके चेहरे पर आंसू के निशान दिख रहे थे। हालांकि उनके पीछे जश्न का माहौल नजर आया था। पोस्टर शेयर करते हुए यश ने कैप्शन में लिखा था 'टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में नादिया के रूप में कियारा आडवाणी।' गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## हॉलीवुड मसाला




# बोल्ड किरदारों के लिए फेमस थीं

**लॉस एंजिल्स।** यूरोपीय सिनेमा और ग्लैमर की दुनिया से एक युग का अंत हो गया है। फ्रेंच सिनेमा और हॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली दिग्गज अभिनेत्री और गायिका ब्रिजिट बार्डो का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बार्डो सिर्फ एक फिल्म स्टार नहीं थीं, बल्कि वह 20वीं सदी की उन शख्सियतों में शामिल रहीं जिन्होंने सिनेमा, फैशन, महिला स्वतंत्रता और सामाजिक बहसों को नई दिशा दी। 1950 और 60 के दशक में ब्रिजिट बार्डो का नाम ग्लैमर और बोल्डनेस का पर्याय बन गया था।



# वो हॉलीवुड गाना जो बना लाखों दिलों की धड़कन

**लॉस एंजिल्स।** 34 साल के एड शीरन ने अपने गानों से हर जवां दिल पर राज किया है और आज वो इंडियन म्यूजिक लवर्स के लिए किसी आइकॉन से कम नहीं हैं। साल 2014 में सिंगर एड शीरन का गाना 'फोटोग्राफ' रिलीज हुआ था, जिसके लिरिक्स में वो पुरानी यादों और तस्वीरों की बात करते हैं। सिंगर इस सॉन्ग में दर्शाते हैं कि हम अपने अच्छे पलों को तस्वीरों में सजाकर इसलिए रखते हैं, ताकि हम उन्हें दोबारा जी सकें। एड शीरन के इस गाने का एक और वर्जन आज से 10 साल पहले रिलीज किया था, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता द्वारा लिए गए उनकी बचपन की वीडियो को एड किया था। वहीं इस गाने में सिंगर के स्ट्रगल को भी क्लिप के जरिए दिखाया गया था। सॉन्ग 'फोटोग्राफ'को इंडिया में आज भी सालों बाद उतना ही पसंद किया जाता है, जितना साल 2014 में लोगों ने पसंद किया था।



# प्रलय में रणवीर के साथ आएंगी नजर...


**नई दिल्ली।** साल की सबसे कमाऊ फिल्म 'धुरंधर' देने के बाद रणवीर सिंह प्रलय की तैयारी में जुटने वाले हैं। मार्च 2026 में धुरंधर का दूसरा पार्ट आएगा जिसके बाद रणवीर प्रलय की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन हीरोइन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्रलय में रणवीर सिंह के साथ जिस हीरोइन का नाम सामने आ रहा है वो है आलिया भट्ट। जी हां रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अपनी सफल फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (RRKPK) के बाद एक बार फिर साथ काम कर सकते हैं। एक हालिया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म प्रलय में फीमेल लीड रोल के लिए आलिया भट्ट के नाम पर विचार किया जा रहा है, जिसे जय मेहता डायरेक्ट करेंगे।



# अक्षय की जगह दृश्यम-3 में होंगे जयदीप

**मुंबई।** बॉलीवुड में जब भी किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ा विवाद सामने आता है, तो चर्चाओं का बाजार अपने आप गर्म हो जाता है। इन दिनों ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर, जहां कास्टिंग को लेकर दिए गए एक बयान ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। फिल्म के निर्माता कुमार मंगत पाठक के हालिया बयान ने न सिर्फ सुर्खियां बटोरी हैं, बल्कि दो दमदार अभिनेताओं अक्षय खन्ना और जयदीप अहलावत की तुलना को लेकर बहस भी छेड़ दी है। निर्माता कुमार मंगत पाठक ने इस बात की पुष्टि की कि फिल्म दृश्यम 3 में अक्षय खन्ना की जगह अब जयदीप अहलावत नजर आएंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बदलाव को ईश्वर की कृपा बताते हुए जयदीप को अक्षय से बेहतर अभिनेता तक कह डाला।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में तेजस्वी की झलक प्रियंका से ज्यादा रही चर्चा...

**नई दिल्ली।** सीरियल 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। वह इस बार इच्छाधारी नागिन के रोल में नजर आएंगी। इससे पहले के सीजन में नागिन का रोल तेजस्वी प्रकाश ने किया। वहीं सबसे पहले सीजन में मौनी रॉय नागिन के किरदार में दिखी थीं। तेजस्वी और मौनी रॉय को इस किरदार में सबसे ज्यादा पसंद किया गया। हाल ही में जब सीरियल 'नागिन 7' का पहला एपिसोड दर्शकों ने देखा तो लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर से ज्यादा चर्चा तेजस्वी प्रकाश रही। सोशल मीडिया पर 'नागिन 7' के कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें पहले एपिसोड की शुरुआत ही तेजस्वी प्रकाश से होती है। वह नागिन के किरदार में हैं, जो अपने पूरे जीवन को याद करती है। दरअसल, वह घायल है, साथ ही गर्भवती भी है। एक परिवार से मदद मांगती है। फिर एक बच्ची का जन्म होता है, जो आगे चलकर नई नागिन (प्रियंका चाहर) बनेगी। सोशल मीडिया पर फैंस ने जब 'नागिन 7' में तेजस्वी को देखा तो जमकर रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 'यह बात मेकर्स को पता है कि अभी भी नागिन 7 में तेजस्वी प्रकाश की जरूरत है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'तेजस्वी की स्क्रीन प्रेजेंस सच में बहुत शानदार है। उन्हें नागिन के रूप में फिर से स्क्रीन पर देखना बहुत अच्छा लगा। और सच कहूं तो...तेजू हमेशा मेरे लिए 'द नागिन' रहेंगी।' प्रियंका चाहर की एंट्री से पहले ईशा सिंह की एंट्री शो में हुई। वह प्रियंका चाहर के किरदार की बहन के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन क्या वह भी इच्छाधारी नागिन हैं, यह आने वाले एपिसोड में पता चलेगा। लेकिन फैंस ने ईशा की एंट्री को भी पसंद किया है।

# चाचा जी के लिए मुसीबत बना पोपटलाल का छाता

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अबतक आपने देखा कि चाचा जी अभी तक पेड़ पर ही अटके हुए हैं। उन्हें पेड़ से उतारने की हर मुमकिन कोशिश हो रही है, लेकिन किसी का कोई भी आइडिया काम नहीं कर रहा है। बड़ी मुश्किल से टप्पू और उसके दोस्तों का लंबी सीढ़ी का आइडिया काम में आया था, लेकिन इस आइडिया के बीच सांप आ गया। अगले एपिसोड में आप देखेंगे कि चाचा जी को सांप से बचाने के लिए भिड़े पोपटलाल का छाता मांगेगा। वो कहेगा कि पोपटलाल का छाता वो ऊपर फेंका। ये बात सुनते ही पोपटलाल भड़क जाता है। वो कहता है कि वो अपना छाता फेंकने नहीं देगा। इसके बाद भिड़े उसे समझाता की ये छाता वो चाचा दी को देगा ताकि चाचा जी वो छाता खोलकर बैठ जाएं और सांप उन्हें न काट पाए। इसके बाद भिड़े वो छाता चाचा जी को देगा। लेकिन पोपटलाल का ये छाता चाचा जी के लिए और मुसीबत लाएगा।



सदी के महानायक ने कही थी हैरान करने वाली बात

# निर्माता ने अमिताभ को दिया था अवॉर्ड खरीदने का ऑफर

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपनी अदाकारी के अलावा अपने कुछ उसूलों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'खुदा गवाह' के निर्माता मनोज देसाई ने उनसे जुड़ा एक किस्सा साझा किया है। मनोज देसाई ने दावा किया है कि अमिताभ बच्चन को एक बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड खरीदने का ऑफर दिया गया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। विक्की लालवानी से बातचीत में निर्माता मनोज देसाई ने यह खुलासा किया।

### अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते

बातचीत में मनोज देसाई ने कहा, 'एक बार मैं और अमिताभ बच्चन अवॉर्ड फंक्शन के दौरान साथ बैठे थे। रऊफ अहमद (दिवंगत फिल्म लेखक) मेरे पास आए और मुझसे पूछा, 'अगर मैं अमिताभ बच्चन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दूं, तो क्या तुम इस पार्टी का पूरा खर्च उठाओगे?' मैंने यही बात अमिताभ बच्चन से पूछी। इस पर उन्होंने मुझसे कहा अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते।




### धर्मेंद्र ने भी नहीं खरीदा अवॉर्ड

मनोज देसाई ने दावा किया कि धर्मेंद्र भी अमिताभ बच्चन की तरह अवॉर्ड न खरीदने के सिद्धांत पर चलते थे। उन्होंने कहा, 'धर्मेंद्र ने भी ऐसे ऑफर को मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह कोई अवॉर्ड नहीं खरीदेंगे। जब उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला था, तब उन्होंने अपनी स्पीच में कहा था कि उन्हें अपनी कई पिछली फिल्मों के लिए अवॉर्ड मिलने चाहिए थे, लेकिन उन्हें वे अवॉर्ड नहीं दिए गए।'

### बिग बी का वर्कफ्रंट

मुकुल एस आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'खुदा गवाह' में श्रीदेवी ने डबल रोल किया था। इसमें शिल्पा शिरोडकर और नागार्जुन अहम किरदार में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। अमिताभ बच्चन को आखिरी बार तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' में देखा गया था। वह अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का हिस्सा होंगे।

# *लगातार बढ़ रहे हैं फिल्मों की टिकटों के दाम : माधुरी*



***नई दिल्ली।*** *कोविड के बाद से ये देखा जा रहा है कि सिनेमाघरों से जनता धीरे-धीरे दूरी बना रहे हैं। जिसकी वजह थिएटर्स में फिल्मों की टिकटों के बढ़ते दाम हैं। जो फिल्म अच्छी होती हैं, उन्हें देखने के लिए भारी तादाद में बेशक लोग पहुंचते हैं, लेकिन अगर किसी मूवी को लेकर उनके मन में द्वंद्व है तो वह पैसा बचाने के लिए उसकी ओटीटी रिलीज का इंतजार करते हैं। हाल ही में माधुरी दीक्षित वेब सीरीज मिसेज देशपांडे में नजर आई हैं, जिसको लेकर उनका नाम फिलहाल चर्चा में बना हुआ है। इस बीच माधुरी ने एक इंटरव्यू में फिल्मों की टिकटों के बढ़ती कीमतों को लेकर खुलकर बात की है और कहा है 'अगर फिल्म की कहानी अच्छी है तो वह हर हाल में चलेगी और लोग उसे देखने के लिए थिएटर्स में पहुंचेंगे। इस आधार पर ये कहा जा सकता है कि फिल्में चल नहीं रही हैं, लेकिन सही मायनों में देखा जाए तो टिकटों के दाम काफी ज्यादा है। परिवार को सिनेमाघरों में एक फिल्म देखने के लिए अपना बजट बनाना पड़ता है। इस वजह से वे ध्यान से सोचते हैं कि कौन सी मूवी देखनी चाहिए और कौन सी नहीं। हालांकि, ओटीटी भी इसमें अहम भूमिका अदा करता है। अब जनता को घर बैठे ऑनलाइन एंटरटेनमेंट मिल रहा है और वीकेंड में लोग सिनेमाघरों से ज्यादा घर पर बैठकर ओटीटी पर फैमिली के साथ मनोरंजन का आनंद लेते हैं। कभी भी किसी भी समय पर ओटीटी पर फिल्म और सीरीज आसानी से देखने को मिल जाती हैं।' इस तरह से माधुरी दीक्षित ने फिल्मों की टिकटों की बढ़ती कीमतों लेकर अपनी राय रखी है और बताया है कि किस तरह से सिनेमा जगत को प्रभावित कर रहा है। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज मिसेज देशपांडे को हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन रिलीज किया गया है।*

रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों ने दर्शकों को बांधे रखा सिनेमाघरों में

# साल 2025 में इन 6 हॉरर फिल्मों ने जमकर डराया

***नई दिल्ली।*** *साल 2025 हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक शानदार साल साबित हुआ। इस साल रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों और पुरानी हिट फ्रेंचाइजी की वापसी ने सिनेमाघरों में खौफ का जबरदस्त माहौल बनाए रखा। पर्दे पर सिर्फ भूत-प्रेत ही नहीं, बल्कि दिमाग घुमा देने वाले साइको-थ्रिलर और लोककथाओं पर आधारित अलौकिक शक्तियों का ऐसा टशन देखने को मिला, जिसने दर्शकों को कुर्सी छोड़ने नहीं दी। साल 2025 डर और रोमांच के नाम रहा. जहां हॉरर जॉनर ने बॉक्स ऑफिस से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक अपनी धाक जमाई। इस साल दर्शकों को सिर्फ डराया ही नहीं गया, बल्कि रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों से उन्हें सिनेमाघरों में बांधे रखा गया। खासकर साउथ इंडियन सिनेमा ने अपनी लोककथाओं और पुरानी रस्मों-रिवाजों को जिस तरह हॉरर के साथ पिरोया, उसने दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्सुकता पैदा की।*

**छोरी 2 :** साल 2025 की शुरुआत में 11 अप्रैल 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई 'छोरी 2' से हुई। नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर इस सीक्वल ने पहले पार्ट की तरह अलौकिक तत्वों और साइलॉजिकल डर से दर्शकों को बांधे रखा। बेटी को बचाने के लिए मां की लड़ाई और भयावह शक्तियों का सामना करने वाली कहानी ने खूब सराहना बटोरी। यह फिल्म हॉरर में सोशल मैसेज को जोड़ने के लिए जानी गई।

**द भूतनी :** 1 मई को थिएटर्स में आई 'द भूतनी'. संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी स्टारर यह हॉरर-कॉमेडी कॉलेज कैंपस में वर्जिन ट्री पर रहने वाली भूतनी की कहानी पर आधारित थी। हंसाती और डराती इस फिल्म ने हल्का-फुल्का मनोरंजन दिया, हालांकि कुछ ने इसे हॉरर से ज्यादा कॉमेडी बताया।

**मां :** काजोल की 'मां' 27 जून को रिलीज हुई। यह माइथोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी, जिसमें काजोल एक मां बनीं, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए देवी काली का रूप धारण करती है। डेमोनिक कर्स और गांव की लोककथाओं पर आधारित यह फिल्म मदरहुड और सुपरनैचुरल का मिश्रण थी। काजोल की परफॉर्मेंस की तारीफ हुई।



**बारामूला :** 7 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'बारामूला'। मानव कौल और भाषा सुम्बली स्टारर यह सुपरनैचुरल थ्रिलर कश्मीर के बारामूला में बच्चों के गायब होने की जांच पर आधारित थी। पुलिस ऑफिसर के घर में छुपे राज और कश्मीरी पंडित से इंस्पायर्ड तत्वों ने इसे इमोशनल डेप्थ दी. अलग स्टोरीलाइन और रोंगटे खड़े करने वाले सीन ने इसे स्पेशल बनाया।

**डाइस इरा :** हैलोवीन पर 31 अक्टूबर को थिएटर्स में आई मलयालम हॉरर थ्रिलर 'डाइस इरा'। प्रणव मोहनलाल स्टारर यह फिल्म राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी। एक अमीर आर्किटेक्ट की जिंदगी में सुपरनैचुरल घटनाओं की कहानी ने दर्शकों को रोमांचित किया। बाद में 5 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई यह फिल्म साल की सबसे सफल हॉरर फिल्मों में शुमार हुई।

**थामा :** इसके अलावा 'थामा' जैसी हॉरर फिल्म ने भी साल 2025 में सिनेमाघरों में जमकर जलवा बिखेरा. आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म में भी हल्के अंदाज में हॉरर पुट देखने को मिले। इस हॉरर-कॉमेडी मूवी को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### कश्मीर में महबूबा मुफ्ती सहित कई नेता किए गए हाउस अरेस्ट

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति के खिलाफ छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बीच पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद मेहदी सहित कई नेताओं को नजरबंद किया गया है। महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती, श्रीनगर के सांसद रुहुल्लाह मेहदी, पीडीपी नेता वहीद पारा और श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद मट्टू को नज़रबंद किया गया है। यह कदम तब उठाया गया जब इन नेताओं ने उन छात्रों के साथ एकजुटता दिखाई, जिन्होंने रविवार को गुपकार रोड पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई थी।



### कुलदीप सेंगर मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की उस याचिका पर आज सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित कुलदीप सिंह सेंगर की उन्नाव बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सुनवाई सूची के अनुसार, भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और एवं ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की तीन सदस्यीय अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

पीएम मोदी ने की मुख्य सचिवों की बैठक की अध्यक्षता की

# प्रशासन सुधार, मानव पूंजी विकास, शिक्षा स्किलिंग,आत्मनिर्भर भारत पर दिया जोर

## उद्देश्य-केंद्र और राज्यों को देश की राष्ट्रीय ग्रोथ के लिए प्राथमिकताओं को एक साथ लाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मंडपम में किया गया कार्यक्रम | परफॉर्मेंस और गवर्नेंस पर की चर्चा | नीति आयोग द्वारा किया गया आयोजन

'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' थी थीम




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की पांचवीं बैठक की। यह कार्यक्रम अभी भारत मंडपम में चला। इस कार्यक्रम का मकसद केंद्र और राज्यों को देश की राष्ट्रीय ग्रोथ के लिए अपनी प्राथमिकताओं को एक साथ लाना है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने 'ज्ञानवर्धक' बातचीत की, जिसमें भारत के प्रशासनिक सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए सुधार और परफॉर्मेंस के महत्व पर जोर दिया गया।पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में हुए मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान गवर्नेंस और सुधारों से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर ज्ञानवर्धक चर्चा हुई। सम्मेलन में मानव पूंजी विकास, शिक्षा, स्किलिंग, टेक्नोलॉजी, आत्मनिर्भर भारत और सुधार परियोजनाओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा, राज्यों की कई समस्याओं पर भी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच विचार विमर्श किया गया।

### राज्यों में डीरेगुलेशन, गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी पर भी की बात

इस साल का सम्मेलन 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' थीम पर आधारित है और इसमें शुरुआती बचपन की शिक्षा, स्कूली शिक्षा, स्किलिंग, उच्च शिक्षा और एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज में विकास पर फोकस करने वाले फोरम शामिल हैं। इस सम्मेलन में राज्यों में डीरेगुलेशन, गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा शामिल है।

### मानव पूंजी बढ़ाने रोडमैप तैयार किया

इस कार्यक्रम का मकसद भारत की मानव पूंजी की क्षमता को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने के लिए एक कॉमन रोडमैप को अंतिम रूप देना है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने मुक्य सचिवों के साथ मानव पूंजी कोबढ़ाने के साथ ही संतुलित रखने परप जोर दिया। सम्मेलन का मुख्य विषय ही रखा गया है- विकसित भारत के लिए मानव पूंजी, इसलिए चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियां (एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज) शामिल हैं।

### प्रदेशों की बेस्ट प्रेक्टिस और रणनीतियों को भी जाना

केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों सहित विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर विभिन्न प्रदेशों द्वारा अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रेक्टिस और रणनीतियों को प्रदर्शित किया गया।

### आत्मनिर्भर भारत पर भी किया मंथन

राज्यों में विनियमन में ढील, शासन में प्रौद्योगिकी, स्मार्ट वैल्यू चेन और एक राज्य-एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तथा पोस्ट-एलडब्ल्यूई भविष्य की योजनाएं जैसे विषयों पर छह विशेष सत्र हुए।
किए जाएंगे।

### 6 विशेष सत्र आयोजित किए गए

सम्मेलन के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्वदेशी' और 'पोस्ट-एलडब्ल्यूई भविष्य' से जुड़ी योजनाओं जैसे विषयों पर छह विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, भोजन सत्रों के दौरान विरासत और पांडुलिपि संरक्षण व डिजिटलीकरण तथा सभी के लिए आयुष-आधारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा वितरण में ज्ञान के एकीकरण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया। मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन पिछले चार वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इसका पहला सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में आयोजित हुआ था।

न्यू ईयर- 2026 के जश्न पर हमले की आशंका

# आतंकी हमले का खतरा, कई शहरों ने सेलिब्रेशन किए रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नव वर्ष 2026 का स्वागत करने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कई जगहों पर पर्यटक पहले से ही पहुंचने लगे हैं। लेकिन इस बीच कई प्रमुख शहरों में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है या सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके पीछे का कारण आतंकी खतरों, हाल की हिंसक घटनाओं और बड़ी भीड़ से जुड़े जोखिमों सहित सार्वजनिक सुरक्षा की चिंताएं हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, ये निर्णय एहतियाती हैं और इनका मकसद सामूहिक समारोहों से जुड़े खतरों को कम करना है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कथित बम विस्फोट की साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मोजावे रेगिस्तान में हमले का पूर्वाभ्यास करते समय चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। लॉस एंजिल्स में बम धमाके की नाकाम साजिश ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं। एफबीआई ने बताया कि संदिग्ध कई स्थानों पर तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों से समन्वित हमले की योजना बना रहे थे। प्रथम सहायक अमेरिकी अटॉर्नी बिल एस्सेली ने कहा कि जांचकर्ताओं ने साजिश को अंजाम देने से पहले ही हस्तक्षेप कर दिया। सभी संदिग्ध लॉस एंजिल्स क्षेत्र के निवासी हैं और उन पर आरोप लगाए गए हैं। लॉस एंजिल्स शहर के अधिकारियों ने समारोह रद्द नहीं किए, लेकिन सुरक्षा योजना की लगातार समीक्षा की जा रही है।



### पेरिस,सिडनी और टोक्यो में कॉन्सर्ट रद्द

*पेरिस में पुलिस के अनुरोध पर शहर के अधिकारियों ने चैंप्स-एलिसीज पर होने वाला नव वर्ष की पूर्व संध्या का संगीत कार्यक्रम रद्द कर दिया। इसके पीछे का कारण है भीड़ की अनिश्चित आवाजाही और भगदड़ का खतरा। आर्क डी ट्रायम्फ पर आतिशबाजी का कार्यक्रम जारी रहेगा, लेकिन लाइव प्रदर्शन के बजाय पहले से रिकॉर्डेड संगीत प्रसारित सिडनी में इस महीने की शुरुआत में बॉन्डी बीच पर हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद बॉन्डी बीच पर नव वर्ष की पूर्व संध्या के कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। वेवरली काउंसिल ने कहा कि यह निर्णय जमीनी स्थिति और जन सुरक्षा की चिंताओं के कारण लिया गया। आयोजकों ने इसे शहर के यहूदी समुदाय के साथ एकजुटता दिखाने के रूप में भी बताया। वहीं, टोक्यो में अधिकारियों ने भीड़भाड़ और संभावित हमलों के जोखिमों का हवाला देते हुए शिबुया नव वर्ष की पूर्व संध्या की उलटी गिनती रद्द कर दी। शिबुया वार्ड के मेयर केन हासेबे ने कहा कि अधिकारी भीड़ दुर्घटनाओं और अव्यवस्था को रोकने पर फोकस कर रहे हैं।*

आतंक के खिलाफ सरकार की बड़ी तैयारी

# सभी राज्यों में होगा एक जैसा आतंकवाद-विरोधी दस्ता: शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



एनआईए के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अमित शाह( मध्य में)

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता' नीति को दोहराया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को एक समान आतंकवाद विरोधी ढांचा शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया।

गृह मंत्री ने राज्यों को भारत की आतंकवाद-विरोधी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एकसमान आतंकवाद-विरोधी दस्ते (एटीएस) संरचना को शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि पूरे देश में एक मजबूत, एकसमान और सुसंगत परिचालन क्षमता के बिना हम खुफिया जानकारी का उचित उपयोग और प्रभावी समन्वित जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं कर सकते। गृह मंत्री ने पहलगाम और दिल्ली के लाल किले पर हुए दो आतंकी हमलों में विभिन्न एजेंसियों और राज्य पुलिस बलों की सफल कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहलगाम लक्षित हमले के मामले में इन एजेंसियों की गहन कार्रवाई ने देश को गौरवान्वित किया है।

मुरैना में खेल-खेल में हादसा

# नाबालिग से चल गई राइफल, एक की मौत

**मुरैना।** पोरसा में 10 साल के बच्चे की गोली लगने से मौत हो गई। ये घटना तब हुई, जब एक दूसरा लड़का राइफल से खेल रहा था। दरअसल, संजय गांधी स्कूल के पास लोकेंद्र तोमर का मकान है। यहां में 10 साल का ऋषभ तोमर माता-पिता के साथ किराए पर रहता था। मकान मालिक लोकेंद्र का 14 वर्षीय बेटा लाइसेंसी राइफल खेल रहा था, तभी गोली चली और हादसा हो गया। घटना शनिवार रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है, जब बच्चे घर के दूसरी मंजिल पर एक कमरे में खेल रहे थे। ऋषभ तोमर अपने पिता धर्मराज सिंह तोमर, माता और छोटे भाई के साथ लोकेंद्र तोमर के मकान में किराए पर रहता था। लोकेंद्र की 315 बोर की लाइसेंसी राइफल घर में लोडेड अवस्था में रखी थी, जो सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक साबित हुई। मकान मालिक के बड़े बेटे ने राइफल उठाकर खेल-खेल में ट्रिगर दबा दिया, जिससे गोली सीधे ऋषभ के सिर में जा लगी।



- लाइसेंसी राइफल घर में लोडेड अवस्था में थी

सजा कम कराने का दिया झांसा

# निलंबित डिप्टी कलेक्टर से तीन लाख 'ठग' लिए

**ग्वालियर।** यहां एक डिप्टी कलेक्टर के साथ करीब तीन लाख रुपए की ठगी हो गई। ठगों ने ग्वालियर में रहने वाले डिप्टी कलेक्टर को विभागीय जांच में सजा कम कराने का झांसा देकर किस्तों में 2 लाख 95 हजार रुपए ठग लिए। थाटीपुर थाना क्षेत्र की न्यू अशोक कॉलोनी में रहने वाले अरविंद सिंह माहौर मुरैना के सबलगढ़ में पदस्थ थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात करीब 8:17 बजे उनके मोबाइल परएक अनजान नंबर से कॉल आया। डिप्टी कलेक्टर के पास एक अन्य नंबर से कॉल आया। वह नंबर सीएम पोर्टल अश्विनी नाम से शो हो रहा था। कलेक्टर के संदर्भ में कॉल आने के कारण डिप्टी कलेक्टर ने फोन रिसीव कर लिया। फोन करने वाले शख्स ने खुद को सीएम ऑफिस का कर्मचारी बताते हुए कहा कि विभागीय कार्रवाई में सजा कम कराने के लिए कुछ राशि योगदान के रूप में जमा करनी होगी।



- ठगों ने सीएम पोर्टल और सीएम ऑफिस का कर्मचारी बताया

मणिकम ने अल-कायदा से की संघ की तुलना

भाजपा ने किया पलटवार

# वोट बैंक की राजनीति कर रही कांग्रेस, बांग्लादेश पर चुप्पी क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से पीएम नरेंद्र की तस्वीर साझा करना और आरएसएस संगठन की तारीफ को लेकर देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोन ने आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और संघ की तुलना अल-कायदा से की, तब भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति में इतनी उलझ गई है कि वह देशभक्ति और राष्ट्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही है। कांग्रेस ने पहले हिंदू, सनातन धर्म, सेना और भारत का अपमान किया और अब राष्ट्रीय सेवा में सैकड़ों साल काम करने वाली संस्था को भी आतंकवादी कहकर निशाना बना रही है। कांग्रेस बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर कुछ नहीं बोलती।



भाजपा प्रवक्ता शबहजाद पूनावाला

### उनका बयान राष्ट्रभक्तों का अपमान

पूनावाला ने कहा कि बयान सभी राष्ट्रभक्तों के लिए अपमानजनक है। उन्हें देश के लिए समर्पित संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। मामला तब शुरू हुआ जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से आरएसएस की संगठनात्मक ताकत की तारीफ करने पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस सांसद ने कहा था कि आरएसएस एक घृणा पर आधारित संगठन है, जो नफरत फैलाता है। उन्होंने कहा कि घृणा से कुछ सीखने को नहीं मिलता। क्या आप अल-कायदा से कुछ सीख सकते हैं? अल-कायदा भी नफरत फैलाने वाला संगठन है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019.** (RO-348)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- शंकरनगर ऑफिस में - (1) कार चलाने हेतु अनुभवी, कुशल ड्राईवर (2) ऑफिस गर्ल की आवश्यकता है जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। बायोडाटा सहित **संपर्क करें:- 9300532000 / 9893132000.** (RO-1700)

आवश्यकता है- ऑटो ड्राइवर + ऑटो पार्ट्स की शॉप हेतु युवको/ युवतियों की आवश्यकता है वेतन 10000/- योग्यतानुसार **संपर्क करें:- किशोर ऑटो पार्ट्स जय शंकर प्लाजा डगनिया मोबाइल- 9425203217** (RO-444)

**ऑफिस स्टाफ**

आवश्यकता है- Hiring Office Staff– Shankar Nagar (1)Web Developer (2)IT Support (3)Tele-Caller/Front Desk(Female) (4)Marketing Executive (5)Video Editor & YouTube Manager (6)Digital Marketer (7)Computer Trainer(Female) Freshers/Experienced. Immediate joining. 9300532000, 8878228031.(RO-1700)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- जेल रोड, रायपुर में ऑफिस/फील्ड कार्यों के लिए ऑफिस स्टाफ (चपरासी) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट व शराब-गुटखा आदि का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें। **संपर्क: 9300593000.**(RO-7240)

**सेल्सकर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/ युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें- डागा पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक स्टेशन रोड, रायपुर- 8109135400, 9179380728.** (RO-976)

**ऑफिस/रिसेप्शनिस्ट कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस एवं रिसेनिप्स्ट कार्य के लिए लड़कियों की जरूरत है । **संपर्क करें** - DA SPARK PVT. LTD. **भाटागांव चौक ,रिंग रोड न.1, रोशन हाइट्स नियर वृन्दावन मैरिज पैलेस रायपुर 9238536535, 7049090121.**(RO-6518)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- मसूढ़े, पायरिया, ओरल कैंसर, टूटे जबड़ों के ईलाज हेतु संचालित क्लीनिक और हॉस्पिटल को एक मेडिकल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव रायपुर के आसपास के क्षेत्रों में एवं घूमकर डॉक्टर्स, हास्पिटलों में मिल सके बाइक अनिवार्य, मेडिकल मार्केटिंग अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा **9300416538 पर भेजें।** (RO-1636)

आवश्यकता है- रायपुर एवं रायगढ़ में इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट मार्केटिंग हेतु अनुभवी लड़के कि जरूरत है स्वयं की गाड़ी हो सैलरी योग्यतानुसार Yamico industries Raipur Contact: **9300009333, 9343109211**(RO-0312)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में बिलिंग कार्य हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। **मणिधारी ट्रेडर्स औषधि वाटिका, डूमरतराई 9669164000, 9165929000.**(RO-Aditya)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है वेतन 6000 से 12000 तक भिलाई/दुर्ग वाले को प्राथमिकता, **मो- 78038-56087, 82694-65640, 91094-79330.** (आरो न.-697)

आवश्यकता है- शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -12000 रहना खाना फ्री , ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना **सम्पर्क करें- 6261667355, 9111300616** (Ro- 524)

**Business व्यापार**

निशुल्क प्रशिक्षण (बिजनेस)- घर से ऑनलाइन-ऑफलाइन काम करने का व्यवसायिक अवसर। 25 वर्षों के अनुभवी कोच द्वारा रायपुर में निशुल्क प्रशिक्षण। रजिस्ट्रेशन हेतु अपने डिटेल्स व्हाट्सएप करें। **मो.- 92292-63207** (आरो नं.- 10333)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 8168338503, 8168338503.**(RO-435)

फाइनेंस - बसुधा फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) **संपर्कः- 9755239652.** (RO-443)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - चरोदा में सी जी हाउसिंग कॉलोनी के पास डायवर्टेड प्लाट 2500 वर्गफिट प्राइम लोकेशन में स्थित अतिशीघ्र बेचना है.... **संपर्क 9893259946, 9407985146** (आरो न.-696)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

RAIPUR Smart BUSINESS
GST रजिस्ट्रेशन नम्बर बनवाएं मात्र 3 दिन में
5 साल पुरानी ITR फाइल बनवाएं मात्र 5000/- में (व्हाट्सएप पर बनवाएं) www.onlytds.com
GST-Return | प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TDS रिफंड | CMA DATA | MSME रजिस्ट्रेशन | Food लाइसेंस
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद

"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## जैकेट के शेष

### ऑपरेशन सिंदूर पर पाक...

किया कि मई में हुए भारत के हमले के बाद उनके मिलिट्री सेक्रेटरी ने उन्हें सुरक्षा के लिए तुरंत एक बंकर में जाने के लिए बोला था। हालांकि, जरदारी ने बताया कि उन्होंने अपनी सेना से खुद के बंकर में जाने के लिए मना कर दिया। जरदारी ने कहा कि उनकी पाकिस्तान पीपल्स पार्टी का हर कार्यकर्ता देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की पाकिस्तान को दी गई चेतावनी, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही, पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि गोलियां पाकिस्तान ही चलाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की इकॉनामी पाकिस्तान से 10 गुना बड़ी हो सकती है, लेकिन युद्ध लड़ने की 'हिम्मत' उसे कहां से मिलेगी।

### एक पते पर कई मतदाता...

करते हुए हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। धरसीवां तहसील के बिरगांव क्षेत्र स्थित गाजी नगर की मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त होने के पश्चात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र रायपुर ग्रामीण द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। जांच दल में तहसीलदार रायपुर राममूर्ति दीवान, नगर निगम बीरगांव के राजस्व उप निरीक्षक शैलेन्द्र निर्मलकर तथा ग्राम बीरगांव के महेश कुमार सोनवानी को शामिल किया गया है।

### खेत में लगी आग...

से ही आग लगी हुई थी, जो अचानक फैल गई। वह उसकी चपेट में आ गई। आग की लपटें और घना धुआं इतना तेज था कि महिला बाहर नहीं निकल सकी। आग और धुएं के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जब काफी देर तक प्रभा साहू घर नहीं लौटी तो उनके बेटे ने खेत जाकर देखा। वहां मां को आग में झुलसा देख वह स्तब्ध रह गया। उसने तत्काल गांव के सरपंच और ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही सरपंच व ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में नगर पंचायत कसडोल से दमकल वाहन बुलाया गया, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी और महिला पूरी तरह जल चुकी थी। आसपास के खेतों की पराली भी जलकर खाक हो गई।

#### घटना की विवेचना जारी

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो पाएगा कि मौत जलने से हुई या धुएं से दम घुटने के कारण। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव परिजनों को सौंप दिया है।

### तंजानिया...जहां, वन और जीव पर्यटन ...

की जद्दोजहद से ही गुजर रहा है। कच्चे मकान और टूटी सड़कों की भरमार है। कानून व्यवस्था का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश की व्यापारिक राजधानी समझे जाने वाले दार ए सलाम शहर में अधिकांश जगहों के लिए सलाह यही दी जाती है कि सूरज ढलने के साथ ही आपका अपने होटल में रहना ही बेहतर है। इसके बाद भी यहां दुनियाभर से पर्यटकों आना वर्ष भर लगा ही रहता है। इसकी एक मात्र वजह है इस देश में बेहिसाब वन्य जीवों का होना। बिग फाइव अर्थात सिंह, हाथी, गेंडा, तेंदुआ और वनभैंसा को देखने की चाहत में लाखों लोग यहां हर साल खिंचे आते हैं और यह जमीन किसी को निराश नहीं करती। दुनिया भर में चर्चित सालाना 'द ग्रेट माइग्रेशन ' केन्या और तंजानिया के बीच ही होता है। दुर्लभ हो चुके वन्य प्राणियों को देखने की चाहत लिए इस समय तंजानिया में ही हूं। भारत से आने में बहुत अधिक दुश्वारी नहीं है क्योंकि मुंबई से दार अस सलाम के लिए सीधी फ्लाइट उपलब्ध है। एयर तंजानिया की यह फ्लाइट सुबह छह बजे उड़ान भरकर स्थानीय समय अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे यहां पहुंचा देती है। भारत के मुकाबले यहां घड़ी की सुईयां ढाई घंटे पीछे रहती हैं। भारतीयों के लिए वीजा आन अराइवल की सुविधा है, इसलिए जेब में थोड़े से पैसे आते ही आप यहां का रुख कर सकते हैं। समय है और थकान है तो एक दिन दार अस सलाम में बिताना बेहतर है। यह शहर आपको बहुत हद तक मुंबई का अहसास करायेगा। भारतीय रेस्त्रां की कोई कमी नहीं है। कम पैसों में अच्छा भारतीय भोजन अच्छी जगहों पर सहज उपलब्ध है। भारतीयों की उपस्थिति इतनी प्रभावी है कि एक सड़क का नाम ही इंडियन स्ट्रीट है। यहा एक रेस्टोरेंट है दालचीनी। पूरी तरह शाकाहारी हालांकि स्टाफ अफ्रीकी है। पंद्रह हजार शिलिंग का भुगतान करने पर हमें एक थाली मिली। घबराने की बात नहीं है। भारतीय मुद्रा में यह बमुश्किल पांच सौ रुपए ही है।

## पेज एक के शेष

### अब तक 256...सालभर में ...

को एनकाण्टर में ढेर कर दिया। एक ही साल में सर्वाधिक 1562 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर पुलिस के सामने हथियार डाल दिए। बस्तर आईजी ने संभाग के सभी जिलों में हुए बीते पांच साल में हुए नक्सल उन्मूलन में मिली सफलता के साथ ही समेत अन्य क्राइम में मिली सफलता के आंकड़े जारी किए है। बीते पांच साल की बात करें तो 2021 से 2025 के बीच नक्सली व सुरक्षाबलों के बीच 441 बार मुठभेड़ हुई, जिसमें इस वर्ष 99 मुठभेड़ दर्ज हैं, जिसमें सर्वाधिक 256 नक्सलियों को ढेर किया गया इनमें कई नक्सली पोलित ब्यूरो व सेंट्रल कमेटी मेंबर थे। इन पर 1-1 करोड़ रूपए का ईनाम घोषित था। इस वर्ष मुठभेड़ों की संख्या घटी लेकिन सुरक्षा बलों की आक्रामक व रणनीतिक कार्रवाई के चलते मारे गए नक्सलियों की संख्या 217 से बढ़कर 256 हो गई। वहीं गत वर्ष में गिरफ्तारी के मामले में भी इससे शीर्ष और सक्रिय माओवादी कैडर को बड़ा झटका लगा है। गिरफ्तारी के मोर्चे पर वर्ष 2024 में 929 नक्सली पकड़े गए थे जबकि 2025 में 884 नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पूना मारगेम अभियान के तहत वर्ष 2025 में 1562 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण किया इसमें 17 अक्टूबर 2025 को जगदलपुर में पहली बार सर्वाधिक 210 नक्सलियों का सामूहिक सशस्त्र आत्मसमर्पण नक्सल उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक रहा। आत्मसमर्पित कैडरों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### खरगे बोले- चंद पूंजीपतियों को ,,,

दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कोषाध्यक्ष अजय माकन, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित अग्रिम पंक्ति के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मल्लिकार्जुन खरगे ने वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो कहते हैं कांग्रेस खत्म हो गई, उन्हें वे बताना चाहते हैं कि पार्टी के पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन उसकी रीढ़ अभी भी सीधी है। कांग्रेस ने संविधान, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के हकों से कभी समझौता नहीं किया। कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न ही मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत फैलाई। कांग्रेस जोड़ती है, जबकि भाजपा तोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है और विचारधारा कभी मरती नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग सच्चाई के साथ नहीं हैं, इसलिए कभी आंकड़े छिपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है और कभी संविधान बदलने की बातें होती हैं। उन्होंने भाजपा-आरएसएस के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पूर्वज इतिहास से भाग रहे थे। उन्होंने याद दिलाया कि देश के सर्वोच्च मूल्यों, एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा-आरएसएस के नेताओं ने देश के संविधान, तिरंगे, अशोक चक्र और वंदे मातरम तक को स्वीकार नहीं किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2025 महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी, संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष और वंदे मातरम की 150वीं जयंती का वर्ष है। वहीं 2026 में दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती और सरोजिनी नायडू के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के नेतृत्व में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनने और खेती, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, हरित क्रांति, सूचना व संचार क्रांति तथा उदारीकरण जैसे क्षेत्रों में भारत के द्वारा ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करने का उल्लेख किया। यूपीए सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून, वन अधिकार कानून एवं भूमि अधिग्रहण कानून जैसे ऐतिहासिक अधिकार आधारित कानून बने।

### उल्टा पड़ा ट्रंप का टैरिफ दांव...

का टैरिफ लगने के बाद से इस साल अमेरिकी कंपनियों के दिवालियापन के लिए आवेदन करने वालों का आंकड़ा बढ़ा है। अमेरिका में 15 साल पहले जो महामंदी आई थी, उस दौरान जो दिवालिया होने वाली कंपनियों की संख्या के बराबर इस साल 2025 में दिवालिया होने वाली कंपनियों के बराबर पहुंच गई हैं। आंकड़े बताते हैं कि चैप्टर 7 या चैप्टर 11 के तहत केवल जनवरी से नवंबर के बीच 717 कंपनियों ने दिवालियापन के लिए आवेदन किया। चैप्टर 11 के तहत कंपनी का परिचालन जारी रहता है, जबकि चैप्टर 7 के तहत कंपनी बंद होती है और संपत्तियां बिक जाती है।

# अब एलएसी की निगरानी करेंगी महिला सैन्यकर्मी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की नारी शक्ति अब अग्रिम मोर्चों पर भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास स्थित 32 सीमा चौकियों पर पहली बार विशेष 'महिला बैरक' बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। यानी अब महिला सैनिकों को लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम में अग्रिम चौकियों पर तैनात किया जाएगा। बता दें कि आईटीबीपी के पास भारत की चीन से सटी सीमा की रक्षा करने का जिम्मा है।

## सभी आधुनिक सुविधाओं से रहेंगी परिपूर्ण

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईटीबीपी पहली बार 32 सीमा चौकियों पर महिला बैरक का निर्माण करेगी। हर बैरक में डॉरमेट्री और डबल या ट्रिपल शेयरिंग कमरे होंगे, जिनमें लगभग 30 महिला सैनिक रह सकेंगी। अधिकारियों के लिए अलग से आवास की व्यवस्था भी की जाएगी। इन बैरकों में पूरी तरह से सुसज्जित रसोईघर और आधुनिक शौचालय की सुविधा होगी। इनकी डिजाइन में सौर ताप का अधिकतम उपयोग करने और तेज हवाओं से बचाव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।



### 'फॉरवर्डाइजेशन' योजना के तहत हो रहा काम

यह फैसला आईटीबीपी की भारत-चीन सीमा पर पूरी तरह से महिला आधारित सीमा चौकियों की स्थापना की हालिया योजना के बाद लिया गया है। पिछले महीने आईटीबीपी के महानिदेशक प्रवीण कुमार ने घोषणा की थी कि बल की 'फॉरवर्डाइजेशन' योजना के तहत एलएसी के साथ 10 पूरी तरह से महिला बैरक स्थापित की जाएंगी, जिसका उद्देश्य भारत की सीमा पर उपस्थिति को मजबूत करना है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस यानी आईटीबीपी की स्थापना 24 अक्टूबर, 1962 को हुई थी। ये गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है और एक अर्धसैनिक बल है। शुरुआत में इसे 'फ्रंटियर राइफल्स' के नाम से जाना जाता था।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

सरकार लगातार सीमा सुरक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहल कर रही है। जनवरी, 2016 में सरकार ने सीआरपीएफ में कांस्टेबल स्तर के 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए थे। सरकार महिला कर्मियों के लिए अलग आवास, शौचालय, शिशुगृह, डे केयर सेंटर और विशेष चिकित्सा सहायता प्रदान कर रही है। इसके अलावा महिला सहायता डेस्क, गोपनीय शिकायत निवारण तंत्र, लैंगिक संवेदनशीलता कार्यशालाएं और लचीली ड्यूटी प्रणाली लागू की जा रही हैं।

#### एलएसी पर महिला तैनाती 2016 मेंपहली बार हुई थी

गौरतलब है कि 2016 में सरकार ने भारत-चीन सीमा पर 15 बॉर्डर पोस्ट पर कम से कम 100 महिला आईटीबीपी जवानों को तैनात किया था। ये अग्रिम मोर्चों पर 'महिला' लड़ाकों की पहली तैनाती थी।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव**

# महायुति की 207 सीटों पर बनी बात, 20 पर खींचतान जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन (भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना) के बीच सीट बंटवारे की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। गठबंधन के भीतर कुल 227 सीटों में से 207 सीटों पर सहमति बन चुकी है, जबकि 20 सीटों को लेकर अब भी दोनों दलों के बीच बातचीत जारी है। तय हुए फॉर्मूले के तहत भाजपा 128 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी, जबकि शिवसेना को 79 सीटें मिली हैं। यह आंकड़ा मुंबई की सियासत में महायुति के भीतर शक्ति-संतुलन को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। गौरतलब है कि बीएमसी देश की सबसे अमीर नगरपालिका मानी जाती है और इसकी सत्ता पर कब्जा महाराष्ट्र की राजनीति में ताकत का बड़ा संकेत माना जाता है। महायुति के लिए यह चुनाव न केवल स्थानीय शासन बल्कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों की दृष्टि से भी बेहद अहम है।

### उम्मीदवारों की सूची कल!

अब इन 20 विवादित सीटों पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा लिया जाएगा। दोनों नेताओं की भूमिका इस समय निर्णायक मानी जा रही है, क्योंकि देरी की स्थिति में स्थानीय स्तर पर असंतोष और बगावत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सीट बंटवारे पर अंतिम मुहर से पहले ही भाजपा और शिवसेना अपनी पहली उम्मीदवार सूची कल तक जारी कर सकती हैं।

यूपी की तर्ज पर अब बिहार सरकार

# बिहार के माफियाओं में खलबली बन रही लिस्ट, होगा सख्त एक्शन

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में भूमाफियाओं का कई दशकों से बोलबाला रहा है। हालांकि अब एनडीए सरकार इन माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। चाहे खनन माफिया हों, शराब माफिया हों या भू-माफिया हों, बिहार सरकार इन सभी माफियाओं को चिन्हित कर बारी-बारी से कार्रवाई करने में जुटी हुई है। हाल ही में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक पोस्ट के जरिए कहा है कि बिहार के हर जिले में भू-माफियाओं की लिस्ट तैयार की जा रही है और सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हर जिले में तैयार की जा रही लिस्ट

दरअसल, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भू-माफियाओं को सीधी चेतावनी दे दी है। एक्स पर उन्होंने एक पोस्ट कर लिखा है, 'हर जिले में तैयार हो रही भू-माफिया की सूची'। फर्जी कागजात के सहारे जमीन हड़पने वाले माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# अभिनेता जीत के कार्यक्रम में भगदड़, कई घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के बिष्णुपुर मेले में लोकप्रिय बंगाली अभिनेता जीत के एक कार्यक्रम के दौरान अफरा-तफरी मचने से भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और कई लोग घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार रात करीब आठ बजे उस समय की है जब अभिनेता को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मेले में उमड़ पड़े। जिसके चलते धक्का-मुक्की शुरू हो गई और स्थिति कुछ समय के लिए नियंत्रण से बाहर हो गई।' उन्होंने बताया कि घायलों को मामूली चोटें आई हैं। एहतियात के तौर पर कुछ लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया और आयोजन स्थल पर स्थिति को सामान्य कर दिया।

# चलती बाइक में विस्फोट से युवक की मौत

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में एक युवक जिस मोटरसाइकिल पर सवार होकर काम पर जा रहा था, उसी में कथित तौर पर विस्फोट हो जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृत युवक कुएं और अन्य स्थानों पर 'ब्लास्टिंग' का काम करता था और कथित तौर पर वह अपने साथ बड़ी मात्रा में डेटोनेटर लेकर जा रहा था। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन जैन ने बताया कि थाना इछावर क्षेत्र के जामली गांव के सुखराम बारेला नाम का एक व्यक्ति सुबह अपनी मोटरसाइकिल से रामनगर की तरफ जा रहा था तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of labour & Employment, Govt of India)

क्षेत्रीय कार्यालय, 107, राम नगर रोड, कोटा, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH)-492010
Phone:0771-2254589, Email:rd-cgarh@esic.nic.in
website:www.esic.nic.in/www.esic.in

## अंतिम सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधित नियोक्ताओं का ध्यान सूचित किया जाता है कि ईएसआईसी की चल रही SPREE 2025 योजना की अंतिम तिथि 31.12.2025 निकट आ चुकी है। इस योजना के अंतर्गत नियोक्ताओं को पंजीकरण की तिथि से पूर्व की अवधि के लिए बिना किसी पूर्व देनदारी की मांग एवं बिना निरीक्षण के ईएसआईसी में पंजीकरण की सुविधा प्रदान की जा रही है।

कृपया अवगत हों कि SPREE योजना के अंतर्गत अब **केवल 03 दिन शेष** हैं। **दिनांक 01.01.2026 से पंजीकरण** की तिथि से पूर्व की अवधि हेतु निरीक्षण एवं विधिक कार्यवाही से छूट की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

अतः सभी जिम्मेदार नियोक्ताओं से अनुरोध है कि यदि अब तक पंजीकरण नहीं किया गया है, तो **31 दिसम्बर, 2025 से पूर्व** ईएसआईसी के अंतर्गत अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर लें, ताकि अंतिम समय की असुविधा से बचा जा सके तथा भविष्य में संभावित विधिक परेशानियों, निरीक्षण एवं दंड से बचाव हो सके।

क्षेत्रीय निदेशक

आम सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, बडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में सुविधा में प्रदर्शित धनराशि को चुकता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (ICICI Bank) से उन्हें ("सुविधा") उपलब्ध कराई गई। चूंकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम **08 जनवरी, 2026** को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन **https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न** के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नामः बेमेतरा, छत्तीसगढ़ | |
| 372457000049 | शरद जुगनार |
| शाखा का नामः बिलासपुर-मंगलाचौक | |
| 181457000063 | बिजय कुमार सिंह |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 181457000083 | बिजय कुमार सिंह |
| 181457000122 | बिजय कुमार सिंह |
| शाखा का नामः बिलासपुर- सरकंडा | |
| 734962000724 | सुशांत परिहार |
| शाखा का नामः कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ | |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 328157000385 | महेश प्रधान |
| शाखा का नाम : कोरबा-बालको नगर | |
| 756062000653 | राजेश कुमार सिंह |
| शाखा का नामः मुंगेली | |
| 328062002422 | आशीष डेहरे |

दिनांक: 29.12.2025
स्थानः बिलासपुर, बेमेतरा, कोण्डागांव, मुंगेली, कोरबा।
सही – प्राधिकृत अधिकारी
कृते-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**Government of Maharashtra**
**FOREST DEPARTMENT**
**Deputy Conservator of Forest, Sangli Forest Division, Sangli**
**Address- Forest colony, Hanumannagar**
**MIDC Kupwad, Tal-Miraj Dist- Sangli 416436**
**Email-Id:-dycfsangli@gmail.com, Phone no.: 0233-2344639**

## E- TENDER Notice No. 03/2025-26

On behalf of Govt. of Maharashtra, Deputy Conservator of Forests Sangli Forest Division Sangli, invites e-tenders through two envelope system from the Manufacturers, 100% Subsidiaries or Sole Distributors, Authorized Distributors for the purchase of following items. (Following Machine Supply apply seprtly tenders)

| Tender No. | Perticulars of Items | Qty. | Tender Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Tender No. 11/2025-26 | Regarding the Purchase of AI & Edge Computing based Leopard Detection System with Mobile App (12 different locations mentioned in the tender Document) | 12 | 54,00,000/- |

Technical specifications is given in tender documents also Interested eligible bidders may obtain further information of technical specifications, required quantities and other terms and conditions applicable for procurement of above items in tender document given at website http://mahatenders.gov.in.

**TENDER SCHEDULE**

All bid related activities (process) like tender document download, bid submission and submission of EMD and other documents will be governed by the time schedule given under key dates as below.

| | |
|---|---|
| Date of commencement of sale of Tender document/Download | Dt. 29/12/2025 Time -11.00 am |
| Date of pre-bid meeting | Dt.01/01/2026 Time-11.00 am |
| Last date for sale of tender document | Dt.05/01/2026 Time - upto 05.00 pm |
| Date and time of opening of EnvelopeNo.1 | Dt.07/01/2026 Time - 11.00 am |
| Address for communication | Deputy conservator of Forest Sangli, Hanumannagar MIDC Road Kupwad Tal- Miraj Dist- Sangli |

Complete set of tender documents may be purchased by interested eligible tenderer through online payment of a non-refundable fee of Rs 1180/- (One thousand One Hundred Eighty only). Bidder has to be pay online payment of tender fee through Net Banking as per option available on above given website http://mahatenders.gov.in, with in time schedule given as above. and EMD 1% of Tender Cost online payment of tender fee through Net Banking as per option available on above given website http://mahatenders.gov.in

The tenders shall be rejected summarily upon failure to follow procedure prescribed in the Tender document. The conditional tender is liable to reject.

The under signed authority has been reserved the right, to increase or decrease in the quantity to be purchase and also reserves the right to cancel or revise any or all the tenders or part of tenders as well as to accept or reject any or all tenders without assigning any reasons thereto

Outward No. A-Desk- E-tender/2025-26/3501 dt. 24.12.2025 Office of Deputy Conservator of Forests Sangli Forest Division, Sangli

sd/-
(Sagar Gavate)
Deputy Conservator of Forests, Sangli, Forest Division Sangli

ROC-2025-26/क्र.-5/C4817

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।


## शब्द पहेली - 6092



**बाएँ से दाए-**
1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6091 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6102

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6101 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# मूल्यवान धातु में निवेश के लिए गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ बेहतर विकल्प

## इस साल सोने में 82 प्रतिशत और चांदी में 175 प्रतिशत की तेजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कीमतों में रिकॉर्ड तेजी के साथ निवेशकों के सोना, चांदी में निवेश के लिए आकर्षित होने के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि उपलब्ध विभिन्न निवेश विकल्पों में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक बेहतर विकल्प है।

इसका कारण कम राशि के साथ सोना, चांदी में निवेश, उसके रखरखाव को लेकर कोई झंझट नहीं और कम लेन-देन शुल्क के साथ उच्च तरलता यानी भुनाने की सुविधा है। उनका यह भी कहना है कि यदि आप भौतिक रूप से मूल्यवान धातु को महत्व देते हैं, निवेश के लिए सोने/चांदी के सिक्के/बिस्कुट बेहतर है। चूंकि आभूषण खरीदने में उसे बनाने के शुल्क का भुगतान करना होता है, वह बेहतर विकल्प नहीं है।उल्लेखनीय है कि इस साल अबतक सोने में 82 प्रतिशत जबकि चांदी में 175 प्रतिशत की तेजी आई है। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना एक जनवरी को 76,772 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 26 दिसंबर को 1,39,890 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी एक जनवरी को 87,300 रुपए प्रति किलो थी, जो 26 दिसंबर को बढ़कर 2,40,300 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

### सेबी की ओर से विनियमित उत्पाद नहीं डिजिटल सोना

*डिजिटल सोना सेबी की ओर से विनियमित उत्पाद नहीं है। यह आमतौर पर निजी मंचों की ओर से पेश किया जाता है, जहां सोना तृतीय-पक्ष 'वॉल्ट' (तिजोरी) प्रबंधकों के पास रखा होता है, जिसमें जोखिम जुड़े होते हैं।' विश्लेषकों का कहना है कहा, 'नियामकीय जोखिमों को देखते हुए, हम निवेशकों को सलाह देते हैं कि वे केवल सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) की ओर से विनियमित उत्पादों के जरिए से ही सोना या चांदी में निवेश करें। विश्लेषकों का कहना है कि कुल मिलाकर, इन विकल्पों में विविधतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने से निवेशकों को सुरक्षा, तरलता और वृद्धि क्षमता के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सकती है।*



### ईटीएफ निवेश फंड में शेयरों की तरह कारोबार

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, 'उपलब्ध विभिन्न निवेश विकल्पों में से, गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ अब तक का सबसे अच्छा निवेश विकल्प है। इसका कारण निवेश के लिए उपलब्ध कम मूल्यवर्ग की इकाइयों, रखरखाव की कोई लागत न होने, अंतर्निहित ईटीएफ के माध्यम से शुद्धता की गारंटी, उच्च तरलता और कम लेनदेन लागत जैसे लाभ हैं।'' गोल्ड/ सिल्वर ईटीएफ निवेश फंड हैं, जिनका शेयर बाजारों में शेयरों की तरह कारोबार होता है। इसमें भौतिक रूप से सोना या चांदी खरीदे बिना कीमती धातुओं में निवेश किया जा सकता है।

### निवेश करने का आसान तरीका ईटीएफ

निवेश के विकल्पों के बारे में मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, 'मूल्यवान धातु में निवेश के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ बेहतर विकल्प है। इसका कारण यह सोना या चांदी को रखने की समस्या के बिना निवेश करने का एक आसान तरीका है। साथ ही यह अत्यधिक तरलता प्रदान करता है।'

## खबर संक्षेप

### दवा उद्योग की वृद्धि में बड़ा योगदान देंगी: सन फार्मा

**नई दिल्ली।** सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में मोटापा और मधुमेह जैसी बीमारियों की दवाएं घरेलू दवा उद्योग की वृद्धि का एक प्रमुख आधार होगी। ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 (जीएलपी-1) रिसेप्टर एगोनिस्ट ऐसी दवाएं हैं, जो इंसुलिन के उत्पादन को नियंत्रित कर टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्त शर्करा और मोटापे के इलाज में उपयोग की जाती हैं।

### बिजली कारोबार शुल्क घटा सकता है सीईआरसी



नई दिल्ली। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग बिजली कारोबार एक्सचेंजों पर लगने वाले लेनदेन शुल्क को तर्कसंगत बनाने पर विचार कर रहा है। इस पहल का मकसद बिजली की कीमतों को संभावित रूप से कम करना है। यह सुधार दक्षता बढ़ाने, नकदी की स्थिति को मजबूत करने और विभिन्न एक्सचेंजों में कीमतों को तर्कसंगत बनाने में मददगार होगा। इस कदम से समय के साथ बिजली खरीदारों के लिए कुल लागत में कमी आ सकती है। बाजार समेकन को केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने इस साल जुलाई में दो साल से अधिक समय तक चले विचार-विमर्श के बाद मंजूरी दी थी।

### सरसों में गिरावट, पाम-पामोलीन में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में ऊंचे भाव पर लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई जबकि साधारण मांग के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन, सटोरियों द्वारा ऊंचा दाम बोले जाने से कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल में सुधार आया। नमकीन बनाने वाली कंपनियों की फुल्की फुल्की मांग के कारण बिनौला तेल के दाम में भी मामूली सुधार रहा। सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम अपरिवर्तित रहे। सरकार की ओर से सरसों की बिकवाली की जा रही है, जो एक उचित कदम है। क्योंकि सरसों का स्टॉक किसानों, सरकारी संस्थाओं और स्टॉकिस्टों के पास बचा है। आगामी फसल भी आने की तैयारी में है।

### एक्सिस बैंक ने एमएसएमई के लिए 'डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस' लोन लॉन्च किया

**रायपुर।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने 'डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस' लोन शुरू करने की घोषणा की है। यह उद्योग में अपनी तरह का पहला कैश-फ्लो आधारित लेंडिंग समाधान है, जिसे विशेष रूप से भारत भर के सूक्ष्म और लघु व्यवसायों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह अभिनव और पूरी तरह से डिजिटल उत्पाद 2 लाख से 20 लाख तक का असुरक्षित ऋण प्रदान करता है, जिससे व्यापारियों, विशेष रूप से खुदरा दुकानों को त्वरित ऋण प्राप्त करने और अपने दैनिक व्यवसाय की कमाई के अनुसार किश्तों में पुनर्भुगतान करने की सुविधा मिलती है।

## व्यापार पानी की तरह, खुद ढूंढ लेता है अपना रास्ता

# अमेरिका शुल्क नीति के बावजूद भारत का निर्यात स्थिर, भविष्य में मजबूती की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*2025 में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर लगभग 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अपने बाजारों को विविध करके निर्यात वृद्धि को मजबूती से बनाए रखा और यह तेजी 2026 में भी जारी रहने की संभावना है।*

व्यापार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के शब्दों में, व्यापार पानी की तरह है, यह अपना मार्ग खुद ढूंढ लेता है। इसी सिद्धांत के साथ भारतीय वस्तु निर्यात ने कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध,इजराइल-हमास युद्ध, लाल समुद्र शिपिंग संकट, सेमीकंडक्टर आपूर्ति समस्या और अब अमेरिका के उच्च शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है।

### 2025 में निर्यात का आंकड़ा पहुंचा 407 अरब डॉलर

भारत का निर्यात 2020 में लगभग 276.5 अरब डॉलर था, जो 2021 में बढ़कर 395.5 अरब डॉलर और 2022 में 453.3 अरब डॉलर हो गया था। 2023 में यह गिरकर 389.5 अरब डॉलर रहा, लेकिन फिर 2024 में यह 443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वर्ष 2025 (जनवरी-नवंबर) तक इसका आंकड़ा लगभग 407 अरब डॉलर हो चुका है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का माल और सेवा निर्यात ऐतिहासिक उच्च स्तर 825.25 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भी निर्यात 562 अरब डॉलर रहा, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लचीलेपन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रुझानों के आधार पर 2026 में भी भारत की निर्यात वृद्धि मजबूत रहने की संभावना है। खास तौर पर तीन मुक्त व्यापार समझौते (ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड) अगले साल लागू होने वाले हैं, जो भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को बेहतर बाजार पहुंच देंगे।



### वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क निर्यातक

अमेरिका ने 2025 में भारतीय वस्तुओं पर उच्च शुल्क लागू किए। इसके कारण सितंबर और अक्टूबर में अमेरिका के लिए निर्यात प्रभावित हुआ, लेकिन नवंबर 2025 में अमेरिका के लिए निर्यात 22.61 प्रतिशत बढ़कर 6.98 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो निर्यातकों के अनुकूल संकेत है। हालांकि, निर्यातक अभी भी वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क हैं। वे अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की आशा कर रहे हैं ताकि निर्यात को और मजबूती मिले। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने चेताया है कि 2025 में वैश्विक व्यापार केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है, जबकि 2026 के लिए यह अनुमान घट कर 0.5 प्रतिशत हो गया है, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार तथा विनिर्माण गतिविधियों में कमी का संकेत देता है।

### निर्यातकों के लिए सरकार ने उठाए कई कदम

*सरकार ने निर्यातकों को सहायता देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रचार मिशन, योग्य निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपए तक बिना गिरवी क्रेडिट सुविधा, कर्ज भुगतान में लंबी अवधि, और नये व्यापार समझौतों (एफटीए) का उपयोग शामिल है, ताकि निर्यातियों को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिले। निर्यात विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में भी भारत का निर्यात बढ़ेगा क्योंकि घरेलू वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, उत्पादों तथा बाजारों का विविधीकरण निर्यात को आगे बढ़ाएगा। विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात लगभग 39 फीसदी बढ़ा है, जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के कारण क्षमता निर्माण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में गहरी हिस्सेदारी को दर्शाता है। इसके अलावा इंजीनियरिंग वस्तु, दवा और वाहन निर्यात भी निरंतर गति बनाए हुए हैं।*

# भारत को 'गृह बाजार' बनाएगी रॉल्स रॉयस, एयरो इंजन को विकसित करना प्राथमिकता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन की एयरो-इंजन विनिर्माता कंपनी रॉल्स रॉयस ने कहा कि वह भारत को ब्रिटेन के बाहर अपना तीसरा 'गृह बाजार' बनाने पर विचार कर रही है।

यह योजना जेट इंजन, नौसैनिक प्रणोदन, थल प्रणालियों और उन्नत इंजीनियरिंग सहित कई क्षेत्रों में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार की गई है। रॉल्स रॉयस इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष साशी मुकुंदन ने कहा कि कंपनी भारत में बड़े निवेश की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के एयरो इंजन को भारत में विकसित करना प्राथमिकता है, ताकि उन्नत मध्यम युद्धक विमान कार्यक्रम के तहत भारत में बनने वाले लड़ाकू विमानों को शक्ति दी जा सके।

ब्रिटेन के अलावा रॉल्स रॉयस अमेरिका और जर्मनी को भी अपना 'गृह बाजार' मानती है, क्योंकि इन दोनों देशों में कंपनी की मजबूत मौजूदगी है, जिसमें विनिर्माण सुविधाएं भी शामिल हैं।

### रॉल्स रॉयस की भारत में निवेश की योजना

मुकुंदन ने यह भी बताया कि रॉल्स रॉयस भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिक प्रणोदन की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि एएमसीए के लिए जेट इंजन के विकास में रॉल्स रॉयस की भागीदारी से भारत को नौसैनिक प्रणोदन के लिए भी इंजन बनाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने विशिष्ट विवरण साझा किए बिना कहा कि रॉल्स रॉयस भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के पास पैमाना, नीति की स्पष्टता और रक्षा तथा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की स्पष्ट दिशा है।

# सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट, एसबीआई को नुकसान




- एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छुट्टियों के कारण पिछले सप्ताह में शीर्ष 10 में शामिल सात सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 35,439.36 करोड़ रुपए घट गया।

इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 112.09 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़ा। शीर्ष 10 में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे।

### एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का मूल्यांकन बढ़ा



भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,692.1 करोड़ रुपए घटकर 8,92,046.88 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 8,254.81 करोड़ रुपए घटकर 21,09,712.48 करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 5,102.43 करोड़ रुपए की कमी आई और यह 6,22,124.01 करोड़ रुपए रह गया। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 10,126.81 करोड़ रुपए बढ़कर 15,26,765.44 करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान इंफोसिस और भारती एयरटेल का मूल्यांकन भी बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही।

## रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ निवेश करेगा अडानी ग्रुप



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह अगले साल रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि इसके तहत मानवरहित प्रणालियों और उन्नत हथियारों में क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 2025 में लंबी योजना प्रक्रियाओं से आगे बढ़ते हुए त्वरित तैनाती की ओर रुख किया और उसके कुछ सैन्य उपकरणों का उपयोग ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। हवा, समुद्र और जमीनी क्षेत्रों में स्वायत्त प्रणालियां ऐसे मानवरहित मंच हैं, जो सेंसर, सॉफ्टवेयर और सुरक्षित नेटवर्क के माध्यम से न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ संचालित होती हैं। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत की सबसे बड़ी एकीकृत निजी क्षेत्र की रक्षा कंपनी के रूप में उभरी है।

# 'फूड डिलीवरी' को बढ़ावा देंगे स्विगी और मैजिकपिन

- कारोबार की वृद्धि ग्राहक अनुभव गति और मूल्य चेतना से प्रेरित होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाली कंपनी मैजिकपिन और स्विगी के अनुसार 2026 में भारत के 'फूड डिलीवरी' कारोबार की वृद्धि ग्राहक अनुभव, गति और मूल्य चेतना से प्रेरित होगी। देश के तीसरे सबसे बड़े खाद्य वितरण मंच मैजिकपिन के मुख्य कार्यपालक (सीईओ) और संस्थापक अंशु शर्मा का मानना है कि वृद्धि मुख्य रूप से व्यापारियों के और किफायती सेवाओं को पसंद करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने से आएगी।

### टिकाऊ फूड डिलीवरी व्यवस्था बनाने पर जोर

अंशु शर्मा ने कहा, "हम एक विस्तृत श्रेणी के व्यापारियों को अपनी सेवा में जोड़ रहे हैं, छोटे स्थानीय रेस्तरां से लेकर बड़े ब्रांड और राष्ट्रीय श्रृंखलाओं तक, ताकि वे डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से भाग ले सकें।'' उन्होंने कहा कि प्रवेश की बाधाओं को कम करके और व्यापारियों के लाभ-हानि के संतुलन को बेहतर बनाकर टिकाऊ फूड डिलीवरी व्यवस्था बनाई जा सकती है।

# ओला ने एस1 प्रो प्लस स्कूटर की बढ़ाई डिलीवरी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने '4680 भारत सेल' बैटरी से चलने वाले एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) इलेक्ट्रिक स्कूटर की आपूर्ति बढ़ा दी है। ओला इलेक्ट्रिक ने बताया कि कंपनी ने कोयंबटूर, कोच्चि और हैदराबाद में आपूर्ति शुरू कर दी है, साथ ही बेंगलुरु में डिलीवरी जारी है। एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) कंपनी का ऐसा पहला स्कूटर है, जो देश में निर्मित '4680 भारत सेल बैटरी' पैक से चलता है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने बताया, ग्राहक अब हमारे अपने '4680 भारत सेल' से चलने वाले स्कूटर खरीद रहे हैं और इसकी आपूर्ति पूरे जोश के साथ की जा रही है। कई राज्यों में आपूर्ति बढ़ रही है और अब हम '4680 भारत सेल' से चलने वाले वाहनों को देश के हर हिस्से तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं।

# ताइफ हवाई अड्डा परियोजना में बोली लगाएंगा जीएमआर

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

जीएमआर समूह सऊदी अरब में 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नई ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए बोली लगाने की पात्रता चरण को पार कर चुका है। यह जानकारी सऊदी अरब के नेशनल सेंटर फॉर प्राइवेटाइजेशन एंड पीपीपी (एनसीपी) ने दी।

जीएमआर के अलावा बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड-टेमासेक का गठजोड़, तुर्की की टीएवी एयरपोर्ट्स-मादा इंटरनेशनल होल्डिंग का गठजोड़, आयरलैंड की डीएए इंटरनेशनल की अगुवाई वाला गठजोड़ तथा काल्योन इंसात गठजोड़ भी इस परियोजना के लिए योग्य घोषित किए गए हैं। यह परियोजना सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत बनाओ, चलाओ, सौंपो (बीटीओ) अनुबंध के आधार पर दी जाएगी, जिसकी अवधि निर्माण काल सहित 30 वर्ष होगी। नया ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक अत्याधुनिक वाणिज्यिक यात्री टर्मिनल भवन से लैस होगा, जिसे हवाई अड्डे की अनुमानित क्षमता और मांग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसके अलावा इसमें सहायक भवन, उपयोगिता नेटवर्क, कार पार्किंग और संपर्क सड़कें शामिल होंगी, जो हवाई अड्डे के मानक संचालन को सुनिश्चित करेंगी।



## घरेलू और विदेशी, दोनों स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी

# विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से प्रभावित होगी।

विश्लेषकों ने कहा कि साथ ही वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी। इस साल के कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने के कारण भारतीय शेयर बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है।

**वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर नजर रखेंगे**



### वायदा-विकल्प सौदे के कारण रहेगा उतार-चढ़ाव

*रिलायंस ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह कैलेंडर वर्ष 2026 की शुरुआत होगी, और दिसंबर के वायदा-विकल्प सौदे पूरे होने के कारण अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। घरेलू स्तर पर जिन प्रमुख आंकड़ों पर नजर रहेगी, उनमें नवंबर का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई शामिल हैं।' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर करीबी नजर रखेंगे, जिनमें एफओएमसी बैठक का ब्यौरा और फेडरल रिजर्व की बैलेंस शीट से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं।*

### इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान

*पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 112.09 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 75.9 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़ा। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोन्मुडी आर ने कहा, '2025 के कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने के कारण भारतीय इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है। इस सप्ताह निवेशकों की धारणा घरेलू और विदेशी, दोनों स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी।' उन्होंने कहा कि नवंबर के वाहन बिक्री आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी, ताकि क्षेत्रवार रफ्तार की पुष्टि हो सके।*

# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉरपोरेट प्रशासन और जवाबदेही में सुधार के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कोयला मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी अनुषंगी कंपनियों को 2030 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराए। इस कदम का मकसद सीआईएल में प्रशासन को सुव्यवस्थित करना, पारदर्शिता बढ़ाना और परिसंपत्ति मौद्रिकरण के जरिए मूल्य सृजन करना है। कोल इंडिया लिमिटेड देश के कुल घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती है। कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों को 2030 तक सूचीबद्ध करने की योजना है। कोल इंडिया अपनी आठ अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से परिचालन करती है, जिनमें ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड शामिल हैं।



# बिग बैश लीग : भारतीय मूल के वाडिया ने लगाई छक्कों की हेट्रिक

एजेंसी ▸▸| एडिलेड



ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में भारतीय मूल के खिलाड़ी ने धूम मचा दी। एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेलते हुए जेरसिस वाडिया ने 16 गेंद में तीन छक्कों व एक चौके से 34 रन की आतिशी पारी खेली। यह 24 साल के इस खिलाड़ी का बीबीएल में दूसरा ही मैच था। जेरसिस वाडिया सातवें नंबर पर बल्लेबाजी को उतरे थे और उन्होंने पहली चार गेंदों पर छक्का, छक्का, छक्का और चौका लगाया। उनके ये शॉट्स जैक विल्डरमुथ की गेंदों पर आए। वाडिया ने जिस तरह से आगाज किया उससे लगा कि एडिलेड की टीम ब्रिस्बेन हीट से मिले 180 रन के लक्ष्य को हासिल कर लेगी लेकिन आखिर में सात रन दूर रह गई। जेरसिस वाडिया को एडिलेड ने एलेक्स कैरी के रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना। यह विकेटकीपर बल्लेबाज एशेज सीरीज के चलते अभी बीबीएल से दूर है। वाडिया बाएं हाथ के बल्लेबाज और स्पिनर हैं। उनकी पैदाइश बडौदा की है। वे यहां पर अंडर 12 से लेकर अंडर 16 लेवल तक खेले। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया चले गए। वहां पर अंडर 19 टीमों के लिए खेले थे। वहां कम से कम 12 अलग-अलग क्लब्स की ओर से खेले।

# आईएलटी20: एमआई एमिरेट्स की शीर्ष पर जगह पक्की, दुबई कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸| अबूधाबी



स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान कीरोन पोलार्ड की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल करके आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली। एमआई एमिरेट्स के स्पिनरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और कैपिटल्स को आठ विकेट पर 122 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। उसकी तरफ से कप्तान मोहम्मद नबी ने सर्वाधिक नाबाद 22 रन बनाए। एमआई एमिरेट्स के लिए अल्लाह ग़ज़नफ़र ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए और शाकिब अल हसन ने चार ओवरों में 11 रन देकर एक विकेट लिया। पोलार्ड की 31 गेंदों में खेली गई नाबाद 44 रन की पारी से एमआई एमिरेट्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर इस सत्र की अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की। पोलार्ड ने अपनी पारी में एक चौका और पांच छक्के लगाए। एमआई एमिरेट्स की टीम अब 30 दिसंबर को क्वालीफायर एक में डेजर्ट वाइपर से भिड़ेगी।

# एसए20: सनराइजर्स ने पार्ल रॉयल्स को किया मात्र 49 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▸▸| पार्ल



तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की घातक गेंदबाजी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने पार्ल रॉयल्स को एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक के सबसे कम स्कोर पर आउट करके 137 रन की बड़ी जीत के साथ बोनस अंक हासिल किया। नोर्किया ने तीन ओवर में 13 रन देकर चार विकेट लिए और 187 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे रॉयल्स को 11.5 ओवर में केवल 49 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। नोर्किया के अलावा एडम मिल्ने और तारिंडु रत्नायके ने दो-दो विकेट लिए। सनराइजर्स ने इससे पहले चार विकेट पर 186 रन बनाए थे। उसकी तरफ से जॉर्डन हरमन ने केवल 28 गेंदों में 62 रन (पांच चौके, चार छक्के) बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने डेलानो पोटगीटर के आखिरी ओवर में 22 रन बनाकर सनराइजर्स की पारी का शानदार अंत किया।

## खबर संक्षेप



### पहले दिन 20 विकेट गिरने से सदमे में था: मुख्य क्यूरेटर

**मेलबर्न।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के मुख्य क्यूरेटर मैथ्यू पेज ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह 'सदमे की स्थिति में' थे और नीरस ड्रॉ से बचने के लिए तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिच तैयार की गई। इस मैच में शुरू से लेकर आखिर तक विकेटों की झड़ी लगी रही और मैच दो दिन में समाप्त हो गया। इंग्लैंड ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। एशेज श्रृंखला के 2017 में खेले गए मैच के नीरस ड्रॉ के रूप में समाप्त होने बाद एमसीजी पिच में नई जान डालने के लिए नियुक्त क्यूरेटर पेज ने स्वीकार किया कि पिच पर 10 मिमी घास छोड़ना जरूरत से ज्यादा साबित हुआ।

### पाकिस्तानी कबड्डी खिलाड़ी पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध



**कराची।** पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत पर इस महीने की शुरुआत में एक निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने पर राष्ट्रीय महासंघ ने अनिश्चितकाल प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने आपातकालीन बैठक के बाद राजपूत पर प्रतिबंध लगाया। उन्हें महासंघ या अन्य संबंधित अधिकारियों से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना टूर्नामेंट में खेलने के लिए विदेश यात्रा करने का दोषी पाया गया। पीकेएफ के सचिव राणा सरवर ने कहा कि राजपूत को अनुशासनात्मक समिति के समक्ष अपील करने का अधिकार है। सरवर ने कहा कि महासंघ ने इस तथ्य पर गंभीरता से ध्यान दिया कि राजपूत न केवल बिना एनओसी के विदेश यात्रा पर गए, बल्कि उन्होंने भारत की एक टीम का प्रतिनिधित्व किया।
, उसकी जर्सी पहनी और एक अवसर पर मैच जीतने के बाद भारतीय ध्वज को अपने कंधों पर लपेटा।

## चौथे मैच में श्रीलंका को 30 रन से हराया, सीरीज में बनाई 4-0 की बढ़त

# महिला टी20 में टीम इंडिया ने बनाया बड़ा स्कोर, लगाया जीत का चौका

**तिरुवनंतपुरम।** स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने चौथे टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 30 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बनाई। भारत के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम कप्तान चामरी अटापट्टू (52 रन, 37 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के अर्धशतक और हसिनी परेरा (33) के साथ उनकी पहले विकेट की 59 और इमेशा दुलानी (29) के साथ दूसरे विकेट की 57 रन की साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 191 रन ही बना सकी, जो इस प्रारुप में उसका सर्वोच्च स्कोर है। भारत की ओर से बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने 24 रन जबकि अरुधंति रेड्डी ने 42 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। श्री चरणी ने भी 46 रन देकर एक विकेट हासिल किया। भारत के लिए हालांकि क्षेत्ररक्षण चिंता का विषय रहेगा क्योंकि उसके क्षेत्ररक्षकों ने कई कैच टपकाए।

- भारत ने सबसे अधिक बाउंड्री का बनाया नया रिकॉर्ड, लगाए 28 चौके और 8 छक्के



### स्मृति और शेफाली ने की 162 रन की साझेदारी

शुरुआती तीन मैच में विफल रही स्मृति (80 रन, 48 गेंद, 11 चौके, तीन छक्के) और शेफाली (79 रन, 46 गेंद, 12 चौके, एक छक्का) ने पहले विकेट के लिए 162 रन की भारत की ओर से किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी करते हुए टीम को दो विकेट पर 221 रन के स्कोर तक पहुंचाया, जो इस प्रारुप में उसका सर्वोच्च स्कोर है। टीम ने इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ दिसंबर 2024 में चार विकेट पर 217 रन बनाए थे। ऋचा घोष (16 गेंद में नाबाद 40) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 16) ने तीसरे विकेट के लिए 23 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। भारत ने अपनी पारी में 28 चौके और आठ छक्के मारे जो इस प्रारुप में टीम की ओर से सबसे अधिक बाउंड्री का नया रिकॉर्ड है।

### स्मृति ने पूरे किए 10 हजार रन, तोड़ा मिताली का रिकॉर्ड

श्रीलंका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मैच में ओपनर स्मृति मंधाना ने अपनी पारी के दौरान उन्होंने जैसे ही 27 रन बनाए एक जबरदस्त कामयाबी हासिल कर ली। 27 रन बनाते ही मंधाना ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे कर लिए। मंधाना ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय महिला बैटर बनीं जबकि ओवरऑल वो ऐसा करने वाली चौथी महिला खिलाड़ी बन गईं। स्मृति महिला क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 10 हजार रन बनाने वाली बैटर बनीं और मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मिताली राज ने 10 हजार रन 314 पारियों में पूरे किए थे, लेकिन मंधाना ने ये कमाल 281 पारियों में किया।

### सर्वाधिक छक्के लगाने वाली बल्लेबाज बनीं मंधाना

इस मैच में मंधाना ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह भारत के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के लगाने वाली बल्लेबाज बन गईं। अब उनके नाम 80 छक्के दर्ज हो गए हैं। इस मामले में उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम 78 छक्के दर्ज हैं। श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ी पारियों के मामले में भी मंधाना शेफाली से आगे निकल गईं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति का दुलानी बो माल्शा | 80 | 48 | 11 | 3 |
| शेफाली का एवं बो निमाशा | 79 | 46 | 12 | 1 |
| ऋचा घोष नाबाद | 40 | 16 | 4 | 3 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 16 | 10 | 1 | 1 |

अतिरिक्त: 06
कुल:20 ओवर में दो विकेट पर: 221 रन
गेंदबाजी: माल्शा 4-0-32-1, काव्या 4-0-43-0, कविशा 4-0-47-0, रश्मिका 2-0-25-0, चामरी 2-0-30-0, निमाशा 4-0-40-1

| श्रीलंका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हसिनी का हरमनप्रीत बो अरुंधति | 33 | 20 | 7 | 0 |
| चामरी का स्मृति बो वैष्णवी | 52 | 37 | 3 | 3 |
| इमेशा दुलानी रन आउट | 29 | 28 | 3 | 0 |
| हर्षिता स्टं ऋचा बो वैष्णवी | 20 | 13 | 1 | 1 |
| कविशा का स्थानापन्न बो रेड्डी | 13 | 8 | 1 | 0 |
| निलाक्षिका सिल्वा नाबाद | 23 | 11 | 4 | 0 |
| रश्मिका सेवांडी बो चरणी | 05 | 4 | 1 | 0 |
| कौशिनी नुथ्यांगना नाबाद | 05 | 2 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 11
कुल: 20 ओवर में छह विकेट पर: 191 रन
गेंदबाजी: रेणुका 3-0-32-0, अरुंधति 4-0-42-2, दीप्ति 4-0-31-0, वैष्णवी 4-0-24-2, अमनजोत 1-0-10-0, श्रीचरणी 4-0-46-1

विश्व रैपिड शतरंज

# बेहतर स्थिति में गुकेश और एरिगैसी, शीर्ष पर हम्पी



एजेंसी ▸▸| दोहा

मौजूदा चैंपियन कोनेरू हम्पी ने अपने धैर्य और दृढ़ता का शानदार नमूना पेश करते हुए फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त बनाए रखी, जबकि भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी भी ओपन वर्ग में मुकाबले में बने रहे। महिला वर्ग में अब जबकि तीन राउंड का खेल होना बाकी है तब हम्पी चीन की झू जिनर के साथ अधिकतम आठ अंकों में से 6.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। इन दोनों से पीछे छह अंकों के साथ 10 खिलाड़ी हैं, जिनमें भारत की द्रोणावल्ली हरिका भी शामिल हैं। ओपन वर्ग में 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें नौ राउंड के बाद क्लासिकल प्रारूप के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी 6.5 अंकों के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। यह भारतीय जोड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज व्लादिस्लाव आर्टेमिएव और हैंस नीमन (प्रत्येक 7.5 अंक) से एक अंक पीछे है।

### महिला वर्ग में कड़ी टक्कर

महिला वर्ग में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें भारत की दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी ने सारा खादेम को हराकर सातवें दौर के अंत में छह अंकों के साथ एकमात्र बढ़त हासिल की, जबकि आठ खिलाड़ी उनसे आधे अंक पीछे थे। रूस की ग्रैंडमास्टर गोरियाचकिना एलेक्जेंड्रा के खिलाफ आठवें दौर में ड्रॉ खेलने से भारतीय दिग्गज खिलाड़ी का स्कोर 6.5 हो गया, जबकि झू जिनर ने दिन के आखिरी दौर में भारत की महिला विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को हराकर हम्पी के साथ शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

### आर्टेमिएव ने कार्लसन को हराकर बटोरीं सुर्खियां

ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी और एलेक्सी सरना के खिलाफ दो ड्रॉ के साथ शुरुआत करने के बाद गुकेश ने स्पेन के डेविड एंटोन को हराया लेकिन उन्हें अगले दौर में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा। रूस के 27 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर्टेमिएव ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व रैपिड चैंपियन मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी को हराकर सुर्खियां बटोरीं। संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे आर्टेमिएव और नीमन के बाद चार खिलाड़ी कार्लसन, एलेक्सी सरना, यागिज़ एर्दोगमस और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधे अंक पीछे हैं।

# मुश्किल नेट पिच पर अभिषेक ने दिखाया जलवा, खूबसूरत ग्राउंड पर लगाए 45 छक्के

एजेंसी ▸▸| जयपुर

पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा अपने नेट सत्र के लगभग 10 मिनट बाद रुके और टीम के अपने साथी खिलाड़ी गौरव चौधरी की ओर मुड़े और एक सवाल पूछा, जिससे उनके इरादे और कल्पना का पता चलता है। उन्होंने पूछा, 'क्षेत्ररक्षण कैसा है।' अभिषेक ने यह सवाल काल्पनिक क्षेत्ररक्षकों के बारे में पूछा। ऑफ स्पिनर चौधरी ने तुरंत जवाब दिया, 'मिड ऑफ पर एक रन बचाने के लिए रखा है।' इसके बाद जो हुआ वह अनुमानित लेकिन रोमांचक था। अभिषेक ने अपने चिरपरिचित अंदाज में बल्ला घुमाया और गेंद को मैदान से बाहर भेज दिया। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने लगभग एक घंटे अभ्यास किया और इस दौरान डिफेंस को कोई तवज्जो नहीं दी। उन्होंने जयपुर शहर की सीमा से थोड़ी दूर खेत की जमीन पर बने खूबसूरत अनंतम क्रिकेट ग्राउंड पर कम से कम 45 छक्के लगाए।



**खुद को आक्रमक करने के लिए किया तैयार:** इनसाइड-आउट शॉट इतनी बार दोहराया गया कि टीम के मुख्य कोच संदीप शर्मा ने मजाक में कहा, 'तू अपना शतक पूरा करने के लिए सिर्फ एक्स्ट्रा कवर के ऊपर ही छक्के मारना चाहता है।' गलत शॉट के लिए शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर एक लाल क्षेत्ररक्षण नेट लगाया गया था। वह एक बार उस जाल में फंस गए लेकिन जल्दी ही सामंजस्य बैठाया और कुछ सीधे छक्के मारने का फैसला किया। उन्होंने शुरू में तेज गेंदबाजों का सामना करने का फैसला किया लेकिन एक युवा नेट गेंदबाज लगातार पांचवें स्टंप की लाइन पर गेंदबाजी कर रहा था, जिससे अभिषेक ने सलाह दी, "भाई, तुम स्टंप्स के करीब गेंदबाजी करो।

# इंग्लिश प्रीमियर लीग : पहली पोजीशन पर आर्सेनल, मैनचेस्टर और विला शीर्ष के करीब

एजेंसी ▸▸| मैनचेस्टर

आर्सेनल ने ब्राइटन के अंतिम समय में जोरदार पलटवार से बचकर 2-1 से जीत हासिल करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ई पी ए ल) फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला स्थान बरकरार रखा, लेकिन मैनचेस्टर सिटी और एस्टन विला भी उससे ज्यादा दूर नहीं हैं। शीर्ष स्थान के लिए इन तीन टीमों के बीच कड़ी टक्कर है। तालिका में पहले और तीसरे स्थान के बीच केवल तीन अंकों का अंतर है। नॉटिंघम फॉरेस्ट पर 2-1 से जीत के बाद मैनचेस्टर सिटी ने कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था लेकिन इसके कुछ देर बाद आर्सेनल ने ब्राइटन को इसी अंतर से हराकर फिर से पहला स्थान हासिल कर दिया। वह मैनचेस्टर सिटी से दो अंक आगे है।

- शीर्ष स्थान के लिए तीन टीमों के बीच कड़ी टक्कर



### एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी

एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। इस तरह से उसने सभी प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज करने का अपना सिलसिला 11 मैच तक पहुंचा दिया है। आर्सेनल के अब 18 मैच में 42 जबकि मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 40 और एस्टन विला की 39 अंक हैं। लिवरपूल चौथे स्थान पर है लेकिन उसके 32 अंक हैं। लिवरपूल ने आखिरी स्थान पर काबिज वॉल्वरहैम्प्टन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल करके अपनी शानदार वापसी जारी रखी, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गया। वॉल्वरहैम्प्टन ने किसी एक सत्र की शुरुआत से सबसे लंबे समय तक बिना जीत के रहने का नया प्रीमियर लीग रिकॉर्ड बनाया।


## ई–नीलामी विक्रय सूचना

निलामी की तिथि एवं समय :– 03-फरवरी-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे
(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

HDFC BANK

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001
Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | श्री कुमार अनुज, के–57, क्लासिक सिटी, इंडियन पेट्रोल पंप, परसुलीडीह, परसुलीडीह (टेकारी), गिरोद – रायपुर – छत्तीसगढ़, पिन – 493111 – भारत। श्री कुमार अनुज मैसर्स अनुज कुमार, मकान नं. के–57, क्लासिक सिटी, परसुलीडीह, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. | ₹ 25,71,309/- 31 अगस्त 25* की स्थिति में | यूनिट–के–59 एवं यूनिट–के–60, 'क्लासिक सिटी' स.क्र., खसरा नंबर 170/2, 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2(भाग); मकान नंबर 23/11; रानिमं–धर्सीवा 1, ग्राम–परसुलिडीह, तहसील एवं जिला–रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल प्लॉट क्षेत्रफल– (1144 वर्ग फुट + 1360 वर्ग फुट) 2460 वर्ग फुट, लेटिट्यूड–21.305512. लांगिट्यूड–81.088847. | भौतिक | ₹ 35,33,000/- | ₹3,53,300/- / ₹ 5000/- |
| 2. | श्री शिवानी हरीश कुमार, वार्ड 42 ए 9, शकुंतला हाइट्स, सीपत रोड, न्यू सरकंडा, बिलासपुर (एम.कॉर्प), बिलासपुर छ.ग.–495001. श्रीमती शिवानी ज्योति, वार्ड 42 ए 9, शकुंतला हाइट्स, सीपत रोड, न्यू सरकंडा, बिलासपुर (एम.कॉर्प), बिलासपुर छ.ग.–495001. | ₹ 17,01,342/- 31 मई 23* की स्थिति में | फ्लैट संख्या 9, तीसरी मंजिल, शकुंतला हाइट्स, ब्लॉक डी एवं ई, स.क्र. 468/1, 468/3 (भाग), प.ह.नं. 20, मौजा – सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.), कुल फ्लैट क्षेत्रफल– 755.60 वर्ग फुट (70.223 वर्ग मीटर), लेटिट्यूड– 22.099783, लांगिट्यूड– 82.152840. | भौतिक | ₹ 21,00,000/- | ₹2,10,000/- / ₹ 5000/- |
| 3. | श्री ठाकुर आर्यवीर सिंह, वार्ड नंबर 15, मुंगेली नाका, स्विमिंग पूल के पीछे, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001. श्री ठाकुर आर्यवीर सिंह, मै. आशू जनरल स्टोर, दुकान नंबर 7, महिला समृद्धि बाजार, नेहरू नगर, बिलासपुर छ.ग.– 495001. श्री ठाकुर आदर्श सिंह, मुंगेली नाका, स्विमिंग पूल के पीछे, बिलासपुर जिला छत्तीसगढ़, 495001. | ₹ 17,03,877/- 31 मार्च 2024* की स्थिति में | फ्लैट–402, फ्लोर–3, भाग्य श्री टावर्स, स.क्र., खसरा नं. 137/1-2 (नया 137/15), प.ह.नं. 21; हरिजन मुहल्ला; विष्णु नगर, कुदुदंड, बिलासपुर, छ.ग.कुल फ्लैट बिल्टअप एरिया – 805 वर्ग फीट, लेटिट्यूड–22.091085, लांगिट्यूड– 82.137078. | भौतिक | ₹ 16,01,000/- | ₹1,60,100/- / ₹ 5000/- |
| 4. | श्री बरिहा भंवर सिंह, एचआईजी–209, ब्लॉक–डी, कंचन अश्व, डीडीयू नगर, रायपुर–छत्तीसगढ़ 494001. श्रीमती बरिहा नमिता, एचआईजी–209, ब्लॉक–डी, कंचन अश्व, डीडीयू नगर, रायपुर–छत्तीसगढ़ 494001. | ₹ 30,31,157/- 31 अगस्त 23* की स्थिति में | फ्लैट–ए–505/5005, मंजिल–5, हर्षित लैंडमार्क, ब्लॉक 7 (ए), स.क्र., खसरा नंबर 563/1, 565, 567, 570, 571, 572, 581/21, 592, 593, 594, 595, 596/3, 596/4; मकान संख्या 103/34; ग्राम–हीरापुर, रायपुर छत्तीसगढ़, कुल फ्लैट क्षेत्रफल–58.91 वर्ग मीटर (634 वर्ग फुट), निर्मित क्षेत्रफल– 66.91 वर्ग मीटर (720 वर्ग फुट), लेटिट्यूड–21.267855, लांगिट्यूड– 81.581129. | भौतिक | ₹ 22,46,000/- | ₹2,24,600/- / ₹ 5000/- |
| 5. | श्री मिश्रा धर्मेन्द्र, एमआईजी सी–/2330, वार्ड नं.16, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई दुर्ग छ.ग.–490026. श्रीमती मिश्रा किरण, एमआईजी सी–/2330, वार्ड क्रमांक 16, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई दुर्ग छ.ग.–490026. | ₹ 15,63,575/- 31 मार्च 23* की स्थिति में | प्लॉट ईडब्ल्यूएस–1265, मकान ईडब्ल्यूएस–1265, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी/औद्योगिक क्षेत्र/भिलाई दुर्ग (छ.ग.) कुल क्षेत्रफल– 46.35 वर्ग मीटर भूतल (बिल्टअप एरिया)–41.85 वर्ग मीटर प्रथम तल, (बिल्टअप एरिया)– 16.096 वर्ग मीटर लेटिट्यूड–21.232128, लांगिट्यूड– 81.372545. | भौतिक | ₹ 10,42,000/- | ₹1,04,200/- / ₹ 5000/- |

सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :– 22-जनवरी-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे
बोली की अंतिम तिथि :–01-फरवरी -2026, शाम 5.00 बजे के पहले

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
ऋणभार/दावों का प्रकटीकरण:
एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और ज्ञान के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई ऋणभार नहीं है।
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई–नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई–मेल: Auction.Manager@BidDeal.in; संपर्क नंबर: +919266604643.
सावधानी नोट: बड़े पैमाने पर ई–बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
दिनांक: 29 दिसम्बर, 2025
स्थान: रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग
रजिस्टर्ड पता–एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई–400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA






# धरती पर अभी खत्म नहीं हुई खोज की कहानी हर साल मिल रही हैं 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां

न्यूयार्क। करीब 300 साल पहले स्वीडन के वैज्ञानिक कार्ल लिनियस ने इस पर काम करना शुरू किया था। धरती पर मौजूद हर जीव को पहचाना जाए और उसका नाम रखा जाए। उन्होंने दो नामों वाली पहचान प्रणाली शुरू की और 10 हजार से ज्यादा पौधों और जानवरों को दर्ज किए. तभी से वैज्ञानिक इस काम को आगे बढ़ाते आ रहे हैं।

## हर कोने से निकल रही है नई जिंदगी



## रूप और बनावट से पहचानी जाती हैं नई प्रजातियां

बता दें कि एक रिसर्च में पता है कि मछलियों, मेंढकों और पौधों की असली संख्या हमारी जानकारी से कहीं ज्यादा हो सकती है। अनुमान है कि मछलियों की कुल संख्या एक लाख से ज्यादा और मेंढकों की संख्या 40 हजार से ऊपर हो सकती है। वहीं, पौधों की प्रजातियां पांच लाख से भी ज्यादा हो सकती हैं। आज ज्यादातर नई प्रजातियां उनके रूप और बनावट से पहचानी जाती हैं। अब डीएनए जांच जैसी नई तकनीकें सामने आ रही हैं। इससे ऐसे जीव भी पहचाने जा रहे हैं, जो दिखने में एक जैसे होते हैं लेकिन अंदर से अलग होते हैं।



## 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां

अब यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना के वैज्ञानिकों की एक नई रिसर्च ने चौंकाने वाली जानकारी साझा की है। रिसर्च के मुताबिक आज दुनिया में हर साल 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां खोजी जा रही हैं। यह अब तक की सबसे तेज रफ्तार है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रफ्तार धीमी नहीं हो रही, बल्कि आगे और बढ़ सकती है। इस रिसर्च की अगुवाई करने वाले प्रोफेसर जॉन वाइंस ने बताया कि पहले कुछ लोग मानते थे कि अब नई प्रजातियां कम बची हैं। आंकड़े कुछ और कहते हैं।

## 20 लाख प्रजातियों के पुराने रिकॉर्ड

वैज्ञानिकों ने करीब 20 लाख प्रजातियों के पुराने रिकॉर्ड देखे। खास तौर पर 2015 से 2020 के बीच का डेटा देखा गया। इस दौरान हर साल औसतन 16 हजार से ज्यादा नई प्रजातियां दर्ज की गईं। इनमें 10 हजार से ज्यादा जानवर थे। जिनमें ज्यादातर कीड़े और कीट शामिल हैं। इसके अलावा करीब 2500 पौधे और 2000 के आसपास फंगस भी खोजे गए है। अच्छी बात यह है कि नई प्रजातियों की खोज उनके खत्म होने की रफ्तार से कहीं ज्यादा तेज है। वैज्ञानिकों के अनुसार हर साल करीब 10 प्रजातियां ही पूरी तरह खत्म होती हैं।

## रोचक खबरें

### दुनिया का अनोखा गांव, जहां इंसानों से ज्यादा रहती हैं बिल्लियां


**रोम।** आप भारतीय गांवों में अगर जाएंगे तो आपको सैकड़ों इंसान नजर आ जाएंगे. भारत का दिल गांवों में बसता है, इस वजह से आपको शहरों से ज्यादा रौनक, चहल-पहल गांवों में दिखेगी। मगर विदेशों में ऐसा नहीं है। इटली का एक गांव तो सुनसान हो चुका है। यहां इंसानों से ज्यादा बिल्लियां रहती हैं। हैरानी की बात तो ये भी है कि इस गांव में पिछले 30 सालों में एक भी बच्चा नहीं जन्मा था। मगर अब यहां खुशी की लहर दौड़ गई है क्योंकि इतने सालों में बाद एक लड़की का जन्म हुआ है जिससे सब बहुत खुश हैं।



इटली के एक छोटे से गांव में हाल ही में एक ऐसी खुशी मनाई गई, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। यह गांव है पाग्लियारा देई मार्सी , जहां इंसानों से ज्यादा बिल्लियां रहती हैं। यहां पिछले 30 सालों से कोई बच्चा पैदा नहीं हुआ था, लेकिन अब एक नन्ही बच्ची के जन्म ने गांव में नई जान फूंक दी है। इस गांव में पैदा हुई बच्ची का नाम लारा बुसी त्राबुक्को है। लारा की उम्र अभी कुछ ही महीने है और वह गांव के करीब 20 निवासियों में से एक है। लारा के जन्म के बाद गांव में खुशी का माहौल है। हाल ही में उसका बपतिस्मा (ईसाई बनाने की प्रक्रिया) हुआ, जिसमें आसपास के इलाकों से ही नहीं, बल्कि दूर-दूर से लोग और पर्यटक भी पहुंचे। कई लोगों ने पहली बार इस गांव का नाम सिर्फ लारा की वजह से सुना।

### अंतरिक्ष से दिखा बर्फ का इंसान! नासा की सैटेलाइट तस्वीर ने खोला छिपा रहस्य

**वॉशिंगटन।** नासा के सैटेलाइट ने रूस के एक बेहद दूर-दराज इलाके में बर्फ से बनी आकृति की तस्वीर ली. यह देखने में बिल्कुल स्नोमैन जैसी लगती है। पहली नजर में यह किसी इंसान की बनाई हुई लगती है। असल में यह पूरी तरह से प्रकृति का कमाल है। यह तस्वीर रूस के साइबेरिया क्षेत्र के बिलिंग्स इलाके की है। यहां साल के ज्यादातर समय कड़ाके की ठंड रहती है।




नासा के द्वारा ली गई इस तस्वीर ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसमें बर्फ से बना एक साइबेरियन स्नोमैन दिखाई देता है। यह तस्वीर 16 जून 2025 को लैंडसैट-8 सैटेलाइट में लगे ऑपरेशनल लैंड इमेजर से ली गई थी। तस्वीर रूस के चुकची प्रायद्वीप में स्थित केप बिलिंग्स और बिलिंग्स गांव के पास की है। हालांकि, नासा ने साफ किया है कि यह कोई असली स्नोमैन नहीं, बल्कि जमी हुई झीलों और लैगून की एक खास बनावट है। नासा के मुताबिक यह स्नोमैन जैसी आकार असल में करीब 22 किलोमीटर में फैली हुई है। यह जमी हुई लैगून की एक श्रृंखला है। इन लैगून का आकार और उनकी स्थिति ऐसी है कि ऊपर से देखने पर वे एक-दूसरे के ऊपर रखे गोल हिस्सों जैसे लगते हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के लैंडसैट डेटा से यह तस्वीर तैयार की गई है।

# सच में होते हैं भगवान, दुनिया के सबसे अक्लमंद इंसान ने ढूंढ लिया पता! पेश किया ये सबूत

**सियोल।** कथित तौर पर 276 आईक्यू के साथ दुनिया के सबसे अक्लमंद इंसान माने जाने वाले यंगहून किम का दावा है कि गणित के माध्यम से भगवान के अस्तित्व को साबित किया जा सकता है। किम ने तीन आसान तथ्यों के जरिए समझाया है कि भगवान सच में होते हैं। सदियों से चली आ रही 'आस्तिक बनाम नास्तिक' की बहस में अब एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आ गया है।

## किम कोई साधारण व्यक्ति नहीं



साउथ कोरिया के 36 वर्षीय साइंटिस्ट यंगहून किम का दावा है कि उन्होंने गणित के जरिए भगवान के अस्तित्व को साबित कर दिया है। किम का नाम इन दिनों सोशल मीडिया की 'दुनिया'में जंगल में लगी आग की तरह फैल रहा है। यंगहून किम कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। उनका दावा है कि वर्ल्ड माइंड स्पोर्ट्स काउंसिल ने उनका आईक्यू 276 रिकॉर्ड किया है। बता दें कि महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग का आईक्यू महज 160 के आसपास माना जाता था। इसी 'सुपर जीनियस'दिमाग के बूते किम का कहना है कि विज्ञान और ईश्वर अलग-अलग नहीं हैं।



## किम का मैथमेटिकल प्रूफ क्या है?

अपने एक वायरल वीडियो में किम ने तीन आसान तथ्यों के जरिए ईश्वर के अस्तित्व को समझाया है। वह कहते हैं कि जैसे गणित में कोई भी रेखा बिना किसी शुरुआती बिंदु के नहीं बन सकती, वैसे ही ब्रह्मांड का अस्तित्व भी बिना किसी स्टार्टिंग पॉइंट के मुमकिन नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड और जीवन अगर अस्तित्व में है, तो इसका कोई न कोई पहला कारण जरूर होगा। किम के मुताबिक, वह कारण है टाइमलेस और इंटेलिजेंट, जिसे हम भगवान कहते हैं। किम का दावा है कि हमारी चेतना एक क्वांटम इंफॉर्मेशन है, जो शरीर खत्म होने के बाद भी नष्ट नहीं होती। यानी मौत अंत नहीं, बस एक बदलाव है। उनके अनुसार, जीसस ही इतिहास के सबसे बुद्धिमान व्यक्ति हैं। कोई आइंस्टीन या न्यूटन उनके आगे नहीं टिकते।



## सच या प्रोपेगैंडा?

जहां एक ओर किम के समर्थक इस दावे से उत्साहित हैं, वहीं वैज्ञानिक गलियारों में इसे लेकर भारी विवाद है। कई एक्सपर्ट्स और वाइस जैसी रिपोर्ट्स का कहना है कि किसी इंसान का 276 आईक्यू होना व्यावहारिक रूप से मुमकिन नहीं है। आलोचकों के अनुसार, यह आईक्यू स्कोर बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया है। वहीं, रेडिट समेत अन्य सोशल डिस्कशन फोरम पर नेटिजन्स इसे स्कैम करार दे रहे हैं।

# ये हैं दुनिया की सबसे रहस्यमयी घटनाएं, जिन्हें वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए

**वॉशिंगटन।** धरती पर कई ऐसी रहस्यमयी घटनाएं हैं, जिनको वैज्ञानिक अभी तक सुलझा नहीं पाए हैं। इन घटनाओं से जुड़े कई रहस्यमयी किस्से और कहानियां लोगों के बीच अभी भी प्रचलित हैं। इनसे जुड़े कुछ स्थान इतने डरावने हैं, जहां पर शायद ही कोई जाने की हिम्मत करता हो। इन रहस्यमयी घटनाओं की गुत्थी सुलझाने के लिए वैज्ञानिकों ने इन पर काफी शोध किया है, उसके बाद भी वे इनके रहस्य से पर्दा नहीं उठा सके हैं। भले ही विज्ञान इन रहस्यों से पर्दा नहीं उठा पाया हो, पर उसके लिए ये स्थान हमेशा चर्चा का विषय बने रहते हैं। इन स्थानों पर अक्सर कई अजीबोगरीब घटनाएं होती हैं, जो देश-विदेश में खूब सुर्खियां बटोरती हैं।

## केंटकी में सांप और मेंढक की वर्षा

क्या कभी आपने मछलियों, सांपों, मेंढकों, मकड़ियों और केंचुओं की बारिश के बारे में सुना है? अगर नहीं तो ये रहस्यमयी वर्षा केंटकी में सन 1876 में हुई थी। इस रहस्यमयी बारिश के राज से आज तक पर्दा नहीं उठ सका है। वैज्ञानिक आज तक इस बात का पता नहीं लगा पाए हैं कि आखिर बारिश में सांप, मकड़ी और मेंढकों की वर्षा आखिर हुई कैसे? ये आज तक एक रहस्यमयी घटना बनी हुई है।



## रहस्यमयी यूएफओ देखे जाने की घटना

एलियन लाइफ पृथ्वी वासियों के लिए सदा से उत्सुकता का विषय बना हुआ है। ऐसे में कई लोगों ने ये दावा किया है कि उन्होंने एलियंस की रहस्यमय उड़नतश्तरियों को देखा है। कुछ समय पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इस बात को स्वीकारा था कि अमेरिकी सरकार के पास ऐसे कई रहस्यमय यूएफओ के वीडियोज हैं, जिनके रहस्य से अब तक पर्दा नहीं उठाया गया है।

## बरमूडा ट्रायंगल

बरमूडा ट्रायंगल पिछले 100 वर्षों से रहस्य का विषय बना हुआ है। कई शोध और रिसर्च के बाद भी वैज्ञानिक इसके राज से पर्दा नहीं उठा पाए हैं। पिछले लंबे समय से न जाने कितने विमान, एयरक्राफ्ट और जहाज इसके भीतर रहस्यमय ढंग से गायब हुए हैं। ये जगह उत्तर अटलांटिक महासागर में स्थित ब्रिटेन का प्रवासी क्षेत्र है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी तट पर मियामी (फ्लोरिडा) से महज 1770 किलोमीटर और हैलिफैक्स, नोवा स्कोटिया, (कनाडा) के दक्षिण में 1350 किलोमीटर (840 मील) की दूरी पर स्थित है।







# दुनिया का सबसे रहस्यमयी आइलैंड, जहां मौजूद हैं हजारों डरावनी गुड़िया, आपस में करती हैं बात

**मेक्सिको सिटी।** दुनिया में कई रहस्यमयी और भुतिया जगहें हैं। इन्हीं में से एक रहस्यमयी जगह मेक्सिको से दक्षिण, जोचिमिको कनाल के बीच 'ला इस्ला डे ला म्यूनेकस' पर स्थित है। यहां कई डरावनी गुड़ियां पेड़ों पर लटकी हुई हैं। अक्सर यहां पर कई रहस्यमयी घटनाएं होती हैं, जिनका जिक्र इस जगह पर रहने वाले स्थानीय लोग करते हैं। हालांकि, ये आइलैंड अब एक टूरिस्ट प्लेस बन चुका है। इस डरावनी जगह को देखने के लिए दूर दूर से कई पर्यटक यहां पर घूमने के लिए आते हैं। यहां के स्थानीय लोगों के मुताबिक, ये गुड़ियां आपस में एक-दूसरे के साथ कानाफूसी करती हैं। रहस्यमयी ढंग से अपनी आंखों को हिलाती हैं, जिन्हें देखने के बाद कोई भी व्यक्ति आसानी से डर सकता है।



## पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

इसी वजह से इस आइलैंड की गिनती दुनिया की सबसे डरावनी जगहों में की जाती है। हॉन्टेड होने के कारण आज ये जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुकी है। यहां पर जो कोई भी आता है उसे अकेले घूमने की इजाजत नहीं दी जाती है। इस आइलैंड पर घूमने के लिए टूर गाइड का साथ में होना बहुत जरूरी है।

## गुड़ियों में है बच्ची की आत्मा

यह आइलैंड पहले कभी ऐसा नहीं था। कुछ वर्षों पहले इस आइलैंड की गिनती भी नॉर्मल आइलैंड में होती थी। अचानक 2001 में कुछ ऐसा हुआ, जिसने इस जगह को हॉन्टेड आइलैंड में बदल दिया। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2001 में डॉन जूलियन इस जगह का केयर टेकर हुआ करता था।

अचानक साल 2001 में डॉन जूलियन की मौत हो गई, तब से इस स्थान की गिनती डरावनी जगहों में की जाती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आइलैंड पर टंगी इन गुड़ियों में एक बच्ची की आत्मा है। उनके मुताबिक, कुछ वर्षों पहले एक लड़की की तैरती हुई लाश डॉन जूलियन को मिली थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com